


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com  कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित  डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

आवश्यकता है
ज्वेलरी दुकान में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
सुनालिया ज्वेलर्स
पावर हाउस रोड कोरबा

वर्ष 35 अंक 01 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 30 सितम्बर 2023 डाक 01 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ : 8+8 मूल्य 2.00 रुपए

## संकल्प सप्ताह का आगाजः आकांक्षी जिला कार्यक्रम से 112 जिलों में 25 करोड़ लोगों की जिंदगी बदलीः पीएम मोदी

**नईदिल्ली, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में देश में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए संकल्प सप्ताह का शुभारंभ किया। संकल्प सप्ताह आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) के प्रभावी कार्यान्वयन से जुड़ा है। आकांक्षी ब्लॉकों के लिए चलने वाले कार्यक्रम 'संकल्प सप्ताह' सप्ताह भर चलेगा। इस दौरान पीएम मोदी ने लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक लोगों की जिंदगी बदल दी है। कार्यक्रम की सफलता अब आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का आधार बनेगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में ब्लॉक पंचायतों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। जब हर ग्राम पंचायत काम तेजी से करेगी तो ही हर ब्लॉक का विकास तेजी से होगा। जो लोग इस मिशन से जुड़े हैं, मैं सभी लोगों को बधाई देता हूं, धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि अभी जो लोग यहां (भारत मंडपम) आए हैं, वो देश के दूर-सुदूर गांवों की चिंता करने वाले लोग हैं। आखिरी छोर पर बैठे हुए परिवार की चिंता करने वाले लोग हैं। उनकी भलाई के लिए योजनाओं को आगे बढ़ाने वाले लोग हैं और इसी महीने यहां वो लोग भी बैठे थे, जो दुनिया को दिशा देने का काम करते थे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत मंडपम, जहां विश्व नेता वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए थे, अब उन व्यक्तियों की मेजबानी कर रहा है जो जमीनी स्तर पर बदलाव लाते हैं। मेरे लिए यह शिखर सम्मेलन त20 शिखर सम्मेलन जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला प्रोग्राम के लिए हमने बहुत ही सरल रणनीति से काम किया है, क्योंकि सर्वांगीण विकास, सर्व-स्पर्शी विकास, सर्व-हितकारी विकास ये अगर हम नहीं करते हैं तो आंकड़े भले संतोष भी दें, लेकिन मूलतः परिवर्तन संभव नहीं होता है। इसलिए आवश्यक है कि ग्रासरूट पर परिवर्तन करते हुए हमें आगे बढ़ना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ही सब कर लेगी, इस सोच से हमें बाहर आना है। समाज की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। जिन-जिन ब्लॉक्स या जिलों में समाज को जोड़ने की ताकत है, मेरा अनुभव है, वहां परिणाम जल्दी मिलते हैं। यही कारण है कि आज स्वच्छता के अभियान ने अपनी जगह बना ली है और एक वातावरण बन गया है कि गंदगी नहीं करनी है। राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम सात जनवरी, 2023 को पीएम मोदी ने लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रशासन में सुधार करना है। इसे देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को लागू करने तथा एक प्रभावी ब्लॉक विकास रणनीति तैयार करने के लिए देश भर में गांव और ब्लॉक स्तर पर चिंतन शिविर आयोजित किए गए।

## पंजाब में रेल रोको आंदोलन का तीसरा दिनः मांगों के लिए किसानों का धरना जारी, यात्रियों की परेशानियां भी



**चंडीगढ़, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**

पंजाब में किसानों के रेल रोको आंदोलन का आज तीसरा दिन है। प्रदेश में 13 स्थानों पर किसान रेल ट्रैकों पर धरना दे रहे हैं, वहीं इस आंदोलन से कई ट्रेनें रद्द कर दी गई है, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है। रेल डिवीजन फिरोजपुर के प्रबंधक संजय साहू ने किसानों से अपील की है कि वे उनके ट्रेनें रोकने से गरीब वर्ग के लोग परेशान हो रहे हैं। किसान संगठनों को आम लोगों का ध्यान रखना चाहिए। किसान संगठनों ने 13 स्थानों पर धरना देकर रेलमार्ग ठप रखा है। पंजाब में मानांवाला-जंडियाला के रेलवे फाटक (अमृतसर), जालंधर कैंट स्टेशन, फिरोजपुर छावनी स्टेशन, गोलेहवाला स्टेशन, फाजिल्का स्टेशन, मल्लांवाला स्टेशन, तलवंडी भाई, मोगा रेलवे स्टेशन, अजीतवाल, गुरदासपुर रेलवे स्टेशन, होशियारपुर स्टेशन, तरनतारन स्टेशन और मजीठा स्टेशन पर किसानों का धरना चल रहा है। किसानों के धरने के कारण शुक्रवार को 91 ट्रेनें रद्द रहीं, जबकि 381 रेलगाड़ियां प्रभावित होने के कारण रेलवे डिवीजन फिरोजपुर को 3100 यात्रियों को 17 लाख रुपये का रिफंड करना पड़ा है।

### अहमदाबाद में बड़ा हादसा, निर्माणाधीन इमारत की 13वीं मंजिल से गिरकर तीन मजदूरों की मौत, लापरवाही का मामला दर्ज

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद से एक बार फिर एक कंस्ट्रक्शन साइट पर हुए हादसे की जानकारी सामने आई है। दरअसल, सरखेज में झवेरी ग्रीन नाम की एक निर्माणाधीन इमारत से गिरकर तीन मजदूरों की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, बीती देर रात झवेरी ग्रीन कंस्ट्रक्शन साइट की 13वीं मंजिल पर पालकी टूटने से तीन मजदूर नीचे गिर गए। इसके बाद उन्हें तुरंत सपोर्ट अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद निर्माण स्थल पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने घटना की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।














निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...

**हरप्रसाद साहू**

सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़

व प्रभारी जांजगीर चांपा विधानसभा, जिला: जांजगीर -चांपा छ.ग.

तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं

---

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..

तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ

**वन परिक्षेत्र अधिकारी**

**केन्दई एवं समस्त स्टॉफ**

**वनमंडल, कोरबा**

जिला: कोरबा छ.ग.

---

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..

तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ

**एस.ई.सी.एल. दीपका**

**में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदारगण**

कोरबा, जिला: कोरबा छ.ग.

---

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..

तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ

**एस.ई.सी.एल. गेवरा**

**में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदारगण**

कोरबा, जिला: कोरबा छ.ग.

---

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..

तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ

**उत्तम मिश्रा**

**वनपरिक्षेत्र अधिकारी**

**जटगा एवं समस्त स्टॉफ**

**वनमंडल कोरबा छ.ग.**

---

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..

तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ

**एस.ई.सी.एल. कोरबा पूर्व**

**में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदारगण**

कोरबा, जिला: कोरबा छ.ग.

---

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..

तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ

**एस.ई.सी.एल. कुसमुंडा**

**में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदारगण**

कोरबा, जिला: कोरबा छ.ग.

---

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..

तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ

**वन परिक्षेत्र अधिकारी**

**बालको एवं समस्त स्टॉफ**

**वनमंडल, कोरबा**

जिला: कोरबा छ.ग.

---

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..

तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ

**वन परिक्षेत्र अधिकारी**

**करतला एवं समस्त स्टॉफ, वनमंडल, कोरबा**

जिला: कोरबा छ.ग.

---

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..

तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं

**वन परिक्षेत्र अधिकारी**

**कुदमुरा एवं समस्त स्टॉफ**

**वनमंडल, कोरबा**

जिला: कोरबा छ.ग.

---

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..

तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं

**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत**

**उत्पादन कंपनी कोरबा पश्चिम एच.टी.पी.पी. में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदारगण**

कोरबा, जिला: कोरबा छ.ग.

---

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..

तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं

**वन परिक्षेत्र अधिकारी**

**एतमानगर एवं समस्त स्टॉफ, वनमंडल, कोरबा**

जिला: कोरबा छ.ग.

# वरिष्ठजनों के साथ स्थापना दिवस मनाया तरुण छत्तीसगढ़ ने






## सभी के कुशलक्षेम की कामना की गई

**कोरबा।** जिले के प्रथम हिंदी दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ ने अपना 35वा स्थापना दिवस प्रशांति वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिकों के साथ मनाया।

तरुण छत्तीसगढ़ ने प्रकाशन के 35 वे वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इस क्षण को यादगार बनाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों के साथ खुशियां मनाई गई। अशासकीय संगठन नवदृष्टि द्वारा संचालित वृद्धाश्रम पहुँचकर तरुण छत्तीसगढ़ के स्टॉफ ने वहां निवासरत नागरिकों से कुशलक्षेम जानी। केयरटेकर वीरू यादव से गतिविधियों की जानकारी ली गई। इसके साथ सभी नागरिकों और सहयोगियों को पौष्टिक जलपान और फल प्रदान किये गए। उनके उत्तम स्वास्थ्य व कल्याण की कामना की गई।

वरिष्ठ नागरिकों ने इस दौरान याद किया कि प्रतिवर्ष तरुण छत्तीसगढ़ अपने स्थापना दिवस पर उनकी सुध लेता रहा है। यह कार्य आगे भी होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज जीवन मे मीडिया की अपनी खास भूमिका तय हो रही है। उसके हस्तक्षेप से बहुत सारे काम आसान हुए है, समस्या हल हो रही है। लोगों को सहूलियत मिलना संभव हुई है। इसलिए मीडिया हमेशा प्रासंगिक बना रहेगा।

# तीन चौथाई से ज्यादा सीट मिलने का भरोसा जताया दीपक बैज ने

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश का समग्र विकास करना ही कांग्रेस का मूल उद्देश्य है, जिसके जरिए गरीब, मजदूर, किसान, का जीवनस्तर बेहतर बनाते हुए ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और छत्तीसगढ़ की लोक कला-संस्कृति को बचाना और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करना है।

उक्त उद्गार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र के लिए इंदिरा स्टेडियम स्थित राजीव गांधी सभागार में आयोजित संकल्प शिविर में उपस्थित हजारों कांग्रेस जनों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने सभागार में उपस्थित पीसीसी पदाधिकारियों, जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, महिला प्रकोष्ठ, युवा कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, इण्टक के युवा साथियों और तमाम वरिष्ठ कांग्रेसियों और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा के 15 साल बनाम कांग्रेस के 5 साल की कार्यशैली का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि भाजपा शासन काल में भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए कोई योजना नहीं थी जिसकी वजह से राज्य के मजदूर दूसरे राज्यों में रोजी रोटी कमाने के लिए पलायन करने को विवश थे लेकिन आज कांग्रेस सरकार भूमिहीन कृषि मजदूरों को 7 हजार रूपये की आर्थिक सहायता मुहैया करा रही है।




भाजपा शासनकाल में धान का समर्थन मूल्य 2100 रू. क्विंटल था जिसे बढ़ाकर 2640 रू. क्विंटल किया गया है वहीं भाजपा शासनकाल में किसान कर्ज के बोझ तले दबा हुआ था जिसकी वजह से सैकड़ों किसानों ने आत्महत्या कर लिया था लेकिन कांग्रेस सरकार ने शपथ ग्रहण करने के दो घंटे के भीतर 19 लाख किसानों के 9270 करोड़ रूपये के कर्ज को माफ कर अपने वायदे को निभाया था। उन्होंने कहा कि रमन सरकार ने सरकारी विद्यालयों को प्रायवेट संस्थान को सौंप दिया था और शिक्षा की गुणवत्ता पर भी सवाल थे जबकि वर्तमान सरकार ने 724 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालयों का संचालन आरंभ करवाया जिसके माध्यम से 4 लाख से अधिक गरीब परिवारों सहित हर स्तर के बच्चे गुणवत्तायुक्त मुफ्त शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। भाजपा शासन में केवल 7 वनोपजों को ही सरकार द्वारा खरीदी की जाती थी लेकिन वर्तमान में 67 लघु वनोपजों की खरीदी की जा रही है और इस कार्य में संग्राहकों की संख्या करीब डेढ़ लाख से बढ़कर 6 लाख हो गई है। इसी प्रकार उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में विशेषकर ग्रामीण व शहरी स्लम क्षेत्रों के लिए बड़े पैमाने पर की गई व्यवस्थाओं का जिक्र किया। दीपक बैज ने उपस्थित समूह से अपील किया कि प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों पर पार्टी की ओर से जिस किसी भी व्यक्ति को टिकट प्रदान किया जायेगा वही कांग्रेस का चेहरा होगा और आप सभी पूरी निष्ठा से कार्य करते हुए उसकी जीत के लिए कार्य करेंगे। कोरबा विधानसभा क्षेत्र में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के प्रयासों से हुए अनेक विकास कार्यों की सराहना करते हुए दीपक बैज ने कहा कि आप सभी को बहुत ही ऊर्जावान जनप्रतिनिधि मिले हैं, इनका पूरा लाभ आप सभी को उठाना चाहिए। अपनी बात समाप्त करते हुए उन्होंने कहा कि विगत 5 साल के कार्यकाल में 2 साल कोरोना काल की वजह से बरबाद हो गए अतएव वर्तमान सरकार को सही मायने में केवल 3 साल ही काम करने का अवसर मिला है इसलिए अधूरी पड़ी योजनाओं को पूरा कराने और प्रदेश के चहुमुंखी विकास के लिए आप सबको प्रचंड बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनानी है और यही संकल्प लेकर आज आप सभी यहां से जाएंगे।

कोरबा के स्थानीय विधायक व प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पहले से बहुत मजबूत हुई है, पहले भी थी और आप सभी के आशीर्वाद से आगे भी और मजबूत होगी। उन्होंने प्रदेश सरकार और कोरबा क्षेत्र के कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि निर्माण और विकास के बहुत से कार्य हुए हैं। उन्होंने विश्वासपूर्वक कहा कि आप सभी की बदौलत कोरबा जिले की चारों विधानसभा सीटों को जीतकर कांग्रेस की झोली में डालेंगे। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता समर्पित हैं। इस बार 75 का आंकड़ा पार करने की बात कही।

कार्यक्रम का संचालन श्यामसुंदर सोनी ने किया जबकि, सपना चौहान ने स्वागत उद्बोधन दिया तो संतोष राठौर ने आयोजित किए गए संकल्प शिविर के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और अपील किया कि हम सबको पुरजोर ताकत से भरोसे की सरकार प्रदेश में फिर से कांग्रेस सरकार बनाना है।

कार्यक्रम के आरंभ में विधासभाध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, कोरबा नगर पालिक निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्यामसुंदर सोनी, कार्यकारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र वासन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सपना चौहान, आदि ने महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना पश्चात वन्दे मातरम् गीत गाया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, कुसुम द्विवेदी, कोरबा विधानसभा शहरी प्रभारी बबीता सिंह, ग्रामीण प्रभारी जितेन्द्र मिश्रा, पूर्व कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष ऊषा तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष संतोष राठौर, दुष्यंत शर्मा, सहिस, रेखा त्रिपाठी, राजेन्द्र तिवारी, दुष्यंत शर्मा, सनीष कुमार, सुधीर जैन, एफ.डी.मानिकपुरी, प्रदेश सचिव विकास सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश पंकज, सह सचिव बंटी शर्मा, मुन्ना साहू, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी रश्मि सिंह सहित जिला कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ, विभिन्न मोर्चा व सेवादल के पदाधिकारी व सदस्यों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थितों ने गर्मजोशी से नारा बुलंद करते हुए कांग्रेस को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

## हाथी के शावक की मौत से बढ़ी परेशानियां अमले की



**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल में एक बेबी एलीफेंट की मौत हो गई। तालाब के किनारे लाश मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। जैसे ही सुबह बेबी एलीफेंट की खबर वन विभाग के अधिकारियों तक पहुंची आला अधिकारी दल बल सहित मौके पर जा पहुंचे हैं। बेबी एलीफेंट की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, संभावना जताई जा रही है कि तालाब के दलदल में फंसने से उसकी मौत हुई है। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत 40 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है, उक्त हाथियों का झुंड बीती रात को जटगा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सालियाभाटा पहुंचे हुए थे। आज सुबह एक तालाब के किनारे लगभग 5 माह के बेबी एलीफेंट की लाश मिली है। सुबह जैसे ही ग्रामीणों की नजर मृत बेबी एलीफेंट पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग के अफसर को दी। कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत दलबल सहित मौके पर पहुंच गए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बेबी एलीफेंट की मौत की खबर से वन विभाग में हड़कप मचा हुआ है। तरूण छत्तीसगढ को मिली जानकारी के मुताबिक बेबी एलीफेंट की मौत संभवत: तालाब के किनारे कीचड़ में फंसने से हुई है या फिर झुंड में आने की वजह से हुई है। जांच के बाद ही पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि आखिर बेबी एलीफेंट की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है।

## चेतक पहुंचा कोरबीपारा में ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**कोरबी चोटिया।** कटघोरा वन मंडल के केंदई वन परिक्षेत्र के कोरबी सर्किल में शाम को लोनर चेतक हाथी स्थानीय ग्राम कोरबी के ( कोरबीपारा) में आ धमका जिससे ग्रामीण दहशत में आ गए, लोकेशन के आधार पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई, देखते ही देखते कोरबी चिरमिरी मुख्य सड़क मार्ग को बंद कराया गया तथा लोनर (चेतक) दतैल हाथी पुलिस चौकी के सामने स्थित खेत में धान को खाने में मसगुल था। तत्पश्चात ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। फसल को बचाने के लिए पटाखा, रॉकेट, एवं चारों ओर से हाथी को घेर कर टॉर्च से रोशनी दिखाकर घंटों उसे जान से रोके रहा, वन विभाग की लाख समझाइए इसके बाद भी ग्रामीण मानने से बाज नहीं आए।



विकास सिंह के नेतृत्व में युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज तथा राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल का कोरबा हेलीपेड एसईसीएल में महामाला से जोरदार स्वागत किया।

## पीपरपारा में बवाल के बाद छात्र की हत्या, आरोपी सुदीप गिरफ्तार

**कोरबा।** गणेश विसर्जन के दौरान उठे विवाद के बाद एक युवक की चाकू मार कर हत्या करने वाले आरोपित समेत दो को पुलिस ने चांपा स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य आरोपितों की पतासाजी की जा रही है। हत्या की वजह मामूली विवाद है, जो गुटबाजी में बदलने के बाद प्राणघातक हो गया।

दर्री मार्ग में स्थित स्कूलपारा कोहड़िया के पास ढोढीपारा से भगवान गणेश की प्रतिमा की विसर्जन करने समिति के पदाधिकारी व युवक जा रहे थे, तभी तीन अन्य समितियां भी उसी स्थल पर पहुंच गई। इससे भीड़ बढ़ गई। बताया जा रहा है कि मार्ग के डिवाइडर में लगे पेड़ को कोई तोड़ने लगा। इस पर कुछ लोगों ने आपत्ति की, तो विवाद हो गया। इसके बाद गुट बनते ही दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जमकर मारपीट होने के बाद अचानक सुदीप चौहान ने अपने पास रखे चाकू को निकाला और दूसरे गुट के युवक पर हमला कर दिया। घटना में बरपारा कोहड़िया निवासी हरीश कुमार को भी गंभीर चोट लगी। साथ ही भूपेंद्र भी घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हरीश कुमार की मौत हो गई। घटना के बाद हड़कंप मच गया। नाराज लोगों ने रात एक बजे तक दर्री- कोरबा मुख्य मार्ग में चक्काजाम रखा। पुलिस ने आरोपितों के गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, तब आंदोलन खत्म हुआ। जांच के दौरान चाकू मारने वाले युवक का नाम सुदीप चौहान 20 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह चांपा स्टेशन से सुदीप व उसके साथी किशन विश्वकर्मा 20 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मारपीट की घटना में शामिल अन्य आरोपितों की पतासाजी की जा रही है। उधर शव का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के पिता आटो चालक हैं।आरोपित सुदीप चौहान व किशन की छत्तीसगढ़ से बाहर भागने की योजना थी। घटना के बाद दोनों आरोपित भाग कर जांजगीर चले गए और अपने एक परिचित के यहां रात गुजारे। सुबह चांपा स्टेशन से ट्रेन पकड़ कर अन्यत्र भागने के लिए पहुंचे थे, पर पुलिस को भनक लग थी, इसलिए स्टेशन में तैनात पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया और कोरबा लेकर आई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और मामले में शामिल अन्य आरोपित भी जल्द गिरफ्त में होंगे। सुदीप के पिता वाहन चलाने का कार्य करते हैं।

क्षेत्र के लोगों ने पुलिस को बताया कि मृतक व हत्यारा दोनों एक-दूसरे को जानते नहीं हैं। पेड़ तोड़ने का विवाद किसी अन्य के बीच हुआ था और बढ़ कर गुटबाजी में तब्दील होने के साथ मारपीट हो गई। सुदीप हमेशा अपने पास चाकू रखता था। मारपीट होने पर क्षणिक आवेश में आकर उसने अपना चाकू निकाला और हमला कर दिया। गंभीर रूप से चोट लगने पर हरीश कुमार की मौत हो गई। मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया में सामने आने के बाद पुलिस मारपीट करने वाले अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

गणेश विसर्जन के दौरान मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुड़ापार बाजार के पास गुरूवार की देर रात मारपीट की घटना हुई। जहां एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना में धर्मराज कुर्मी और उसके दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि मुड़ापार निवासी मोनू चौहान ने मारपीट की घटना का अंजाम दिया है। धर्मराज कुर्मी ने बताया कि 17 सितंबर की रात विश्वकर्मा पूजा के दौरान मोनू चौहान के साथ विवाद हुआ था। उसका बदला लेने गणेश विसर्जन के दौरान मौनू व उसके कुछ साथियों ने मारपीट किया।

## गणेश उत्सव समिति की प्रतियोगिता में लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा




**कोरबा।** आदर्श नवयुवक श्री गणेश उत्सव समिति टावर मोहल्ला दीपका के द्वारा गणेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया इस दौरान गणेश भगवान के प्राण प्रतिष्ठा 19 सितंबर से लेकर के गणेश विसर्जन से पूर्व 27 सितंबर तक विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे महिलाएं युवा युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया प्रमुख रूप से कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, बैलून प्रतियोगिता, मटकी फोड़, डांडिया, खो खो, जैसे अन्य खेल का आयोजन किया गया उक्ताशय की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के आयोजक सुजीत सिंह ने बताया कि कल 27 सितंबर को डांस प्रतियोगिता का आयोजन कर समस्त प्रतियोगियों के विजई प्रतियोगियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्योति नंद दुबे, भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ पार्षद अरुणीश तिवारी, भाजपा दीपका मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शर्मा, पार्षद गया चंद्रा,पार्षद सुशील गुप्ता, अभिषेक सिंह संतोष सिंह, परमेंद्र यादव,रमेश शर्मा, शिखर चंद हरिनखेडे, संजय दुबे शामिल हुए जिनके कर कमल से पुरस्कार वितरण किया गया।

## बायपास पर ट्रेलर पलटा, लोगों ने पार किया कोयला व डीजल

### वाहन मालिक ने पुलिस को मामले की जानकारी दी

**कोरबा।** मानिकपुर चैकी अंतर्गत मुड़ापार बायपास मार्ग पर कोयला लोड एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। बीती रात करीब साढ़े तीन बजे सामने आई इस घटना में किसी तरह की जनहानी नहीं हुई हालांकि एक व्यक्ति के मकान को आंशिक नुकसान जरुर हुआ है। ट्रेलर के पलटने के कारण सड़क पर कोयला फैल बिखर गया जिसमें से अधिकांश कोयला सुबह होते तक पार हो गया था। चालक को झपकी आने के कारण दुर्घटना होने की बात कही जा रही है।

कोरबा में मानिकपुर चैकी अंतर्गत मुड़ापार बायपास मार्ग पर एक बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। रात करीब साढ़े तीन बजे जब सभी नींद के आगोश में समाए हुए थे तभी एक कोयला लोड एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। रात के वक्त दुर्घटना होने के कारण किसी तरह की जनहानी नहीं हुई अगर यही हादसा सुबह के वक्त होता तो नुकसान से इंकार नहीं किया जा सकता था। दुर्घटना में सड़क किनारे मौजूद एक व्यक्ति के घर को आंशिक नुकसान हुआ है। ट्रेलर पलटने के कारण पूरा कोयला सड़क पर बिखर गया जिसमें से अधिकांश कोयला सुबह होते तक पार हो गया था। चालक को झपकी आने पर हादसा होने की बात कही जा रही है। यह कोई पहली बार नहीं है,जब इस मार्ग पर भारी वाहन पलटा हो। रात के वक्त वाहनों की गति अधित होती है जिससे मोड़ पर चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाते और हादसा हो जाता है। बहरहाल पुलिस को मामले से अवगत करा दिया गया है जिसके द्वारा जरुरी कार्रवाई की जा रही है।

# प्राचार्य की रहमदिली से रेप के आरोपी संविदा रीडर ने तीन साल बाद जमा किया परीक्षा व पुनर्मूल्यांकन का शुल्क 2 लाख 64 हजार

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश के पहले भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में फिर एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। सेलम आईआईएचटी में परीक्षा एवं पुनर्मूल्यांकन की राशि 2 लाख 64 हजार रुपए बतौर शुल्क बीते 5 सेमेस्टर लगभग 3 वर्षो से आईआईएचटी चांपा से जमा करने के बजाय हजम कर लिया गया था। इसके बावजूद प्रभारी प्राचार्य डीडी धकाते ने संविदा रीडर पुर्णेश्वर रंगारी के खिलाफ कार्रवाई तो दूर विभागीय पत्र जारी नहीं करने की जानकारी सामने आई है। बताया जाता है जब सेलम से लगातार इस संबंध में पत्राचार करने पर रीडर के जेल में रहते हुए उसके पिता ने यह राशि जमा कराई।

चांपा लछनपुर में संचालित प्रदेश के पहले हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान अपने नए-नए कारनामे को लेकर इन दिनों सूर्खियों में है। पहले ही रेप के आरोपी संविदा रीडर से काम लेने को लेकर मामला गरमाया हुआ है। अब एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें पता चला है सेलम आईआईएचटी की परीक्षा एवं पुनर्मूल्यांकन शुल्क की राशि 2 लाख 64 हजार रुपए संविदा रीडर रंगारी ने बीते 5 सेमेस्टर करीब 3 वर्षो से जमा करने बजाय दबाए रखा। जानकारी के मुताबिक, सेलम से लगातार पत्राचार व दबाव बनाने पर जेल में रहते हुए संविदा रीडर रंगारी के पिता ने लगभग 3 वर्षो का शुल्क 4 जून 2023 को जमा करवाया। हमारे पास सेलम संस्थान का भेजा चांपा प्राचार्य के नाम वह पत्र भी मौजूद है, जिसमे उन्होंने बार-बार प्राचार्य डीडी धकाते को अवगत भी कराया था। अब इतने बड़े वित्तीय अनियमितता व गंभीर मामले में प्रभारी प्राचार्य डीडी धकाते का मौन रहना समझ से परे है। यही वजह है कि पुणेश्वर रंगारी के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई तो दूर उसे एक विभागीय पत्र भी जारी नहीं किए जाने की जानकारी है। इतने बड़े वित्तीय अपराध और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने के बावजूद प्राचार्य का इस तरह मौन रहना रीडर को संरक्षण देने की ओर इशारा करता है।



**आखिर कौर है यह संविदा रीडर**

बताया जाता है रेप के आरोपी संविदा रीडर पुर्णेश्वर रंगारी के भरोसे ही आईआईएचटी चांपा का संचालन जैसे तैसे किया जा रहा है, जिसके चलते प्रभारी प्राचार्य उन्हें हर में बचाने की चर्चा भी जोरों पर है। यही वजह है रेप के आरोप में 44 दिन जेल में रहने के बाद जब जमानत पर हुआ तो प्रभारी प्राचार्य के मौखिक आदेश पर उसे न केवल संस्थान में ज्वाइन कराया गया, बल्कि जानकारी के मुताबिक उसे सितंबर माह का तनख्वाह भी दिलवा दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, सितंबर माह में इस संविदा रीडर की संविदा सेवा समाप्त हो रही है, जिसे बढ़ाने के लिए प्रभारी प्राचार्य ने प्रस्ताव भी संचालक रायपुर को भेजा है। इससे प्रभारी प्राचार्य और संविदा रीडर के मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता।

**प्रभारी प्राचार्य का अनोखा बयान**

प्रभारी प्राचार्य का कहना कि 3 साल तक पैसों को रखने के बाद अब जमा कर दिया गया तो कोई बात नहीं, लेकिन मीडिया को दिए इस अनोखे बयान से बाकी अधिकारी कर्मचारियों को वो ये संदेश दे रहे है कि जरूरत पड़े तो सरकारी पैसों का उपयोग अपने निजी कार्य के लिए कर सकते है। जब तक विभाग को पता न चले और पता चलने पर वह पैसा जमा करा दे। फिर भी किसी तरह की कोई कार्यवाही नही होगी। उनके इस मामले में मौन रहने से यही संदेश जा रहा है, जबकि नियम मुताबिक 7 दिन से अधिक सरकारी पैसों को अपने पास रखना आर्थिक अनियमितता की श्रेणी में आता हैं। इस मामले में विभागीय जांच कर कार्रवाई नहीं करने पर प्राचार्य और पैसों को अपने पास लगभग 5 सत्र तक रखने वाले रेप के आरोपी संविदा कर्मचारी पुर्णेश्वर रंगारी के खिलाफ की जानी चाहिए।

**जमा कर दी थी शुल्क राशि**

इस संबंध में भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान लछनपुर के प्रभारी प्राचार्य डीडी धकाते का कहना है कि संविदा रीडर ने विलंब से ही सही परीक्षा व पुनर्मूल्यांकन का शुल्क 2 लाख 64 हजार रुपए जमा करा दिया था। इसलिए उसके खिलाफ किसी तरह कार्रवाई का प्रश्न ही नहीं उठता। संविदा रीडर के सेवा में रखने या हटाने का विवेकाधिकार संचालक रायपुर स्तर का मामला है।

## चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति का रास्ता आसान हुआ इंजी. रवि पांडेय के प्रयास से

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव इंजीनियर रवि पाण्डेय के प्रयासों से शिक्षक भर्ती परीक्षा 2023 के अंतर्गत सहायक शिक्षक पद पर बलरामपुर एवं सूरजपुर जिला के लिए चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति का रास्ता खुला।



ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षक भर्ती 2023 के अंतर्गत बस्तर एवं सरगुजा संभाग मे सहायक शिक्षक के पद पर भर्ती परीक्षा छ.ग. व्यापम द्वारा आयोजित किया गया था एवं व्यापमं द्वारा जारी परिणाम के आधार पर प्रथम दस्तावेज सत्यापन दिनांक 08.09.2023 से 14.09.2023 तक किया गया था। दस्तावेज सत्यापन के उपरांत पात्र पाये गये अभ्यर्थियों को दिनांक 25.09.2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल( छत्तीसगढ़ शासन) के कर कमलो द्वारा स्थान बिलासपुर मे प्रदान किया गया। जिसमें बस्तर एवं सरगुजा संभाग के सभी जिलों मे चयनित अभ्यर्थियों को उनके पदस्थ जिला के जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से आमंत्रण पत्र भेजा गया था। किन्तु सरगुजा संभाग के अंतर्गत जिला बलरामपुर एवं जिला सूरजपुर के लिए चयनित सहायक शिक्षक अभ्यर्थियों को अभी तक नियुक्ति पत्र हेतु आमंत्रण पत्र जारी नहीं किया गया था। जिसका मूल कारण यह था कि जिला बलरामपुर एवं जिला सूरजपुर के जिला शिक्षा अधिकारी ललित पटेल अभी अपने पद से निलंबित थे। जांजगीर-चांपा के आस-पास क्षेत्र के चयनित अभ्यर्थी इंजीनियर पाण्डेय के पास निवेदन किए। इंजीनियर पाण्डेय तत्काल रायपुर जाकर शिक्षामंत्री रविन्द्र चौबे जी को समस्या की जानकारी दिए। शिक्षा मंत्री चौबे के आदेश पर निलंबित प्रभारी शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल को विभागीय जांच जारी रखते हुए निलंबन बहाल करते हुए पुनः प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के पद पर क्रमांक-एफ1-29/2023/20-23 के आदेश पर पदस्थ करने आदेश दिया। इस आदेश के बाद चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति संभव हुआ। चयनित अभ्यर्थी नंदकिशोर देवांगन, शिव सिदार, संध्या राठौर, नवीन राठौर, तनुजा कुर्रे, कोमल श्रीवास ने इंजी. पाण्डेय के प्रयासों का आभार व्यक्त किया।

*जांजगीर-चांपा। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में ग्रामीण बीपीएल परिवार के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करने के लिए निःशुल्क 30 दिवसीय सेल फ़ोन मरम्मत और सेवा (मोबाइल रिपेयरिंग) प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

## चांपा में होगा जिले के पहला मिलेट कैफे का शुभारंभ

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फसलों को बढ़ावा देने और प्रदेश में कुपोषण की दर को कम करने के उद्देश्य से मिलेट मिशन योजना की शुरूआत की गई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलेट्स से बने व्यंजनों को लोगों की थाली तक पहुँचाने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों में मिलेट्स कैफ़े खोले जाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसके तहत जिले के पहले मिलेट कैफ़े का लोकार्पण कार्यक्रम चांपा के स्वामी विवेकानंद उद्यान में 30 सितम्बर को शाम 4 बजे विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व एवं आपदा प्रबंधन एवं जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, सांसद गुहाराम अजगल्ले, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद् चांपा जय कुमार थवाईत, उपाध्यक्ष,नगर पालिका परिषद्, चांपा हरदेव प्रसाद देवांगन, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, समस्त पार्षद एवं एल्डरमेनगण नगर पालिका परिषद् चांपा के गरिमामय आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

### सम्मान समारोह का आयोजन 01 अक्टूबर को

**जांजगीर-चांपा।** वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 अक्टूबर 2023 को नया ऑडिटोरियम भवन में प्रातः 11 बजे से अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित अधिनियम, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण, कल्याण अधिनियम 2007 पर परिचर्चा, वृद्धजनों के लिए संचालित योजनाओं पर परिचर्चा तथा वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जएगा।

## कपड़ा दुकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, शिवरीनारायण पुलिस की कार्यवाही

**चांपा।** प्रार्थी भागवत प्रसाद थवाईत उम्र 32 वर्ष निवासी शिवरीनारायण का दिनांक 27.09.23 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका बाम्बे मार्केट में कलकत्ता होजरी कपड़ा दुकान है। दिनांक 26.09.2023 को रात करीब 09ः00 बजे दुकान बंद कर सभी कर्मचारियों के साथ घर चला गया था और दिनांक 27.09.2023 के सुबह 07ः00 बजे कर्मचारी जितेंद्र यादव एवं राजकुमार उर्फ राजू चौहान के साथ आकर दुकान खोला और अंदर जाकर देखा तो दुकान के दाहिने कोने के कुछ कपड़े बिखरे पड़े थे। चोरी होने की आशंका पर दीवाल छत तरफ देखा तो रेख के पीछे दुकान के टीन का शेड उखाड़ दिखा। दुकान में बांये तरफ कुछ रेडीमेड कपड़ों के डब्बे भी गिरे बिखरे थे। देखने एवं चेक करने पर पता चला कि साफ्ट साड़ी विभिन्न रंग के एक बंडल (20 नग) कीमती 18000/-रु., 03 नग कार्टन के चेक शर्ट, 02 नग जींस पैंट नीले रंग का कीमती 4000/-रु., कुल कीमती 22000/-रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है की सूचना पर थाना शिवरीनारायण में अपराध क्रमांक 417/23 धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।



विवेचना दौरान संदेही राधेश्याम सिदार उर्फ मुन्ना पिता संतोष सिदार उम्र 19 वर्ष सा0 खरौद को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किए तथा उसके मेमोरेण्डम कथन के तहत चोरी किये गये मशरूका 20 नग विभिन्न रंगो के साड़ी, 02 नग नीला जीन्स पेंट, 03 नग चेक शर्ट जुमला कीमती 22,000/? को बरामद किया जाकर गवाहों के समक्ष जप्त किया गया है।

आरोपी राधेश्याम सिदार उर्फ मुन्ना सिदार उम्र 19 वर्ष निवासी खरौद थाना शिवरीनारायण के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत दिनांक 28.09.2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक दुवेदी थाना प्रभारी एवम थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ, बिक्री करने वाले 03 गिरफ्तार

**चांपा।** जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 28.09.2023 को मुखबीर सूचना मिला की थाना मुलमुला, शिवरीनारायण क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री की जाती है कि सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया मौके पर पाया गया कि आरोपी (01) दीना कश्यप उम्र 40 साल निवासी जेवरा थाना मुलमुला के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 6,000/रूपया (02) प्रवीण कुमार खटकर उम्र 23 साल निवासी मेंहदी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 1000 / रूपया (03) मोहन पटेल के उम्र 50 साल निवासी मेहन्दी के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 2000 / रूपया बरामद किया गया है। आरोपी दीना कश्यप उम्र 40 साल निवासी जेवरा के विरूद्ध थाना मुलमुला में तथा आरोपी प्रवीण कुमार खटकर उम्र 23 साल, मोहन पटेल उम्र 50 साल निवासी मेहन्दी के विरूद्ध थाना शिवरीनारायण में अलग- अलग अपराध धारा पंजीबद्ध किया जाकर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में यदुमणि सिदार SDOP चॉपा, निरी. रंजीत सिंह कंवर, उपनिरी कृष्ण पाल सिंह, प्रआर अनिल अजगल्ले, आर सुरेश कुर्रे, हेमंत खरे का योगदान रहा।

# राघवेंद्र सिंह विभिन्न कार्यक्रम में हुए शामिल

### राघवेंद्र सिंह विभिन्न कार्यक्रम में हुए शामिल

### ग्राम पंचायत परसाहीनाला में सांस्कृतिक मंच रास लीला एवं ग्राम पंचायत पड़रिया में सीसी रोड निर्माण का कियें भूमिपूजन



**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा विकासखंड के ग्राम परसाहीनाला में शुक्रवार को सांस्कृतिक मंच रास लीला का भूमिपूजन तथा ग्राम पंचायत पड़रिया स्कूल पारा में सीसी रोड डीएमएफ मद से भूमिपूजन जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। गौरतलब है कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह की अनुशंसा पर प्रभारी मंत्री द्वारा राशि उपलब्ध कराई गई थी।

इस मंच के बन जाने से ग्रामीणों को विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सुरक्षित जगह मिलेगा। कई वर्षों से हो रहे रास लीला हेतु बहुप्रतीक्षित माँग थी। ग्राम पंचायत पड़रिया स्कूल पारा में बरसात के दिनों में आने जाने पर लोगों सहित स्कूल के छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था जिसे ध्यान में रखकर डीएमएफ मद सीसी रोड के लिए राशि स्वीकृत कराई गई।

जिसका आज भूमि पूजन किया गया। सीसी रोड बहुप्रतीक्षित माँग की प्राप्ति हेतु ग्रामवासियों ने काँग्रेस सरकार एवं राघवेंद्र कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राघवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच सहित सुंदरलाल पटेल, शिवप्रसाद पटेल, रामप्रसाद पटेल,रामकुमार निर्मलकर,सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश पटेल,जनपद सदस्य अयोध्या पटेल,विश्राम कंवर,लक्ष्मी मौवार, परसराम साहू,देशराज सोंझरी,रवि निर्मलकर,आजुलाल कंवर, परसाहिनाला से कांशीराम गोंड, श्याम सुंदर सिंह, ईन्दमन प्रसाद मरकाम, दिगम्बर सिंह, सरपंच प्रतिनिधि अंजोरी साहू, प्रितम दास, रामकुमार मरकाम, रामनारायण मरावी, अमोल प्रसाद, श्रीराम पटेल, महेंद्र पाल नेताम, रेखा गोस्वामी, प्रभा मरकाम, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीएससी के पात्र आवेदकों की प्राक्यन परीक्षा 01 को

**जांजगीर-चांपा।** राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 के भाग (८) अनुसार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए पात्र अभ्यर्थियों का प्राक्कयन परीक्षा 01 अक्टूबर 2023 दिन रविवार को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में समय दोपहर 12 से 3 बजे तक जिला रायपुर में परीक्षा का आयोजन किया गया है। सहयक आयुक्त आदिवासी जांजगीर ने बताया कि रोल नंबर 20230001 से 20230400 तक परीक्षा केन्द्र विवेकानंद विद्यापीठ, कोटा कालोनी, कोटा गुढ़ियारी रायपुर में, रोल नबर 20230401 से 20231060 तक प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू, उरकुरा मार्ग रायपुर परीक्षा केन्द्र में, रोल नंबर 20231061 से 20231460 तक परीक्षा केन्द्र प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, पहाड़ी चौक, तिलक नगर रायपुर में, रोल नंबर 20231061 से 20231460 तक परीक्षा केन्द्र शास.कन्या आश्रम शाला, महादेवघाट रोड, अग्रवाल मैरिज हॉल के पास, रायपुरा, रायपुर में और रोल नंबर 20231581 से 20231635 तक परीक्षा केन्द्र परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, आजाद हॉस्टल के सामने, पं.रविशंकर विश्वविद्यालय परिसर जिला रायपुर में परीक्षा का आयोजन किया गया है।

## अनोखा प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** नगरपालिका जांजगीर नैला की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं नगर मंडल भाजपा द्वारा जांजगीर नैला शहर में मुख्य मार्ग के किनारे बड़े-बड़े गड्ढों का नामकरण करते हुए बेशरम के पौधे लगाए। वहीं पार्षद अमित यादव ने कीचड़ से भरे पानी में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया और नपा सीएमओ और अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजयुमो और भाजपा नगर मंडल ने नपाध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल से इस्तीफा मंगा गया। बीटीआई चौक से कचहरी चौक तक रैली भी निकाली गई। बीटीआई चौक से कचहरी चौक तक डीएमएफ फंड से लगभग 1 करोड़ 31 लाख रुपए की लागत से रोड निर्माण किया जाना है।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कोरबा संभाग कोरबा (छग)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-6102/NIT-12/2023-2024/ व.ले.लि. दिनांक: 26/09/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :-02/10/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

टेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-06/10/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 07/10/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. | कार्य का नाम No Of Calls | कार्य की लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 11 T0078 | मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अंतर्गत मुख्य मार्ग पसान-पिपरिया से छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक तक सी.सी. पहुंच मार्ग निर्माण कार्य लं. 300 मीटर | 19.17 14378.00 05 माह वर्षा ऋतु सहित |

नोट :- 1. T0078 कार्य प्रथम निविदा आमंत्रण है। निविदा फार्म A एवं निविदा फार्म की किमत 750.00 है। उक्त कार्य की निविदाकार की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द से अ वर्ग तक'' है।
निविदा संबंधी समस्त शर्तें संभागीय कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है।

Executive Engineer
P.W.D. Korba Div.Korba (C.G.)

जी - 05847/3



### छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी) (छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)

कार्यालय :- कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग, कोरबा

CIN : U40108CT2003SGC015822
वेब साइड :- www.cspc.co.in

क्रमांक/011-13/स्था./4062 कोरबा, दिनांक 29.09.2023

प्रति,
श्री दीपक कुमार,
परिचारक श्रेणी-एक (ला.)
द्वारा :- सहायक अभियंता छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री. कं. लिमि. दर्री जोन।
स्थायी एवं वर्तमान पता :- एस.एफ.-541, छ.ग.रा.वि.मं., कालोनी, कोरबा पूर्व, जिला-कोरबा (छ.ग.), पिन नं.-495677
मोबाईल नं.-9131256537, 9171887457

विषय : कार्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति के संबंध में।
संदर्भ :- 1. सहायक अभियंता पोड़ीमार जोन का पत्र क्रमांक 1802 दिनांक 02.11.2022।
2. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 11-13/स्था./3632 कोरबा दिनांक 07.11.2022।
3. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 11-13/स्था./3629 कोरबा दिनांक 07.11.2022।
4. सहायक अभियंता पोड़ीमार जोन का पत्र क्रमांक 2043 दिनांक 09.12.2022।
5. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 11-13//स्था./4341 कोरबा दिनांक 09.12.2022।
6. सहायक अभियंता पोड़ीमार जोन का पत्र क्रमांक 2041 दिनांक 09.12.2022।
7. सहायक अभियंता पोड़ीमार जोन का पत्र क्रमांक 2031 दिनांक 07.12.2022।
08. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 11-13/ /स्था./705 कोरबा दिनांक 15.05.2023।
09. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 11-13/ /स्था./1140 कोरबा दिनांक 12.06.2023।
10. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 11-13/ /स्था./1766 कोरबा दिनांक 11.07.2023।
11. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 11-13/ /स्था./1870 कोरबा दिनांक 18.07.2023।
12. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 11-13/ /स्था./2014 कोरबा दिनांक 25.07.2023।

---------000----------

जैसा कि, आप नगर संभाग कोरबा अंतर्गत दर्री जोन में परिचारक श्रेणी-एक (ला.) के पद पर कार्यरत हैं। आप दिनांक 01.04.2023 से आज दिनांक तक कंपनी के कार्य से बिना किसी पूर्व अनुमति के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं। इस कार्यालय के पत्र क्र. 705 कोरबा दिनांक 15.05.2023 एवं पत्र क्रमांक 1140 कोरबा दिनांक 12.06.2023 से आपको सुसंगत दस्तावेजों के साथ तत्काल कंपनी के कार्य पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित करते हुए पत्र आपके निवास स्थान पर चस्पा करने के साथ-साथ पंजीकृत डाक के माध्यम से भी प्रेषित किया गया है। पुनः इस कार्यालय के पत्र क्र. 1766 कोरबा दिनांक 11.07.2023, पत्र क्र. 1870 कोरबा दिनांक 18.07.2023 एवं पत्र क्र. 2014 कोरबा दिनांक 25.07.2023 के द्वारा पत्र जारी किया गया एवं समाचार पत्रों में भी प्रसारित कर आपको तत्काल सुसंगत दस्तावेजों के साथ कार्य में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया किन्तु आप आज दिनांक तक कंपनी में उपस्थित नहीं हुए हैं।

पूर्व में भी आप अनाधिकृत रूप से दिनांक 29.09.2022 से 04.01.2023 तक कुल 98 दिवस कंपनी के कार्य से अनुपस्थित थे। इससे स्पष्ट है कि आप के कंपनी के कार्यों से अनुपस्थित रहने के आदि हैं, जिससे प्रतीत होता है कि आप कंपनी में सेवा करने के इच्छुक नहीं हैं। अतः क्यों न कंपनी के नियमानुसार आपके विरूद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जावे।

अतः आपको अंतिम बार निर्देशित किया जाता है कि आप पत्र प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर सुसंगत दस्तावेजों के साथ तत्काल कंपनी के कार्य पर उपस्थित होवें अन्यथा की स्थिति में कंपनी के नियमानुसार सेवा समाप्ति हेतु कार्यवाही की जावेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि., कोरबा

S-38774/2



### कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, कोरबा (छ.ग.)

ग्राम-रूमगरा, पोस्ट-बालको नगर, कोरबा-495684

क्रमांक/शापाको/स्था/2023/961 कोरबा, दिनांक 27.09.2023

**// आवश्यकता है//**

शासकीय पॉलीटेक्निक, कोरबा के डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं रात्रिकालीन चारवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु मेकेनिकल इंजी., इलेक्ट्रिकल इंजी., इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी. एवं गणित विषय में अंशकालीन व्याख्याताओं की आवश्यकता है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मेकेनिकल इंजी., इलेक्ट्रिकल इंजी. एवं इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी. संकायों में संबंधित/समतुल्य ब्रांच में प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि तथा गणित विषय हेतु गणित में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि है। इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा एवं शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति सहित आवेदन रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 09.10.2023 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा तथा किसी भी प्रकार के विलम्ब की जिम्मेदारी इस कार्यालय की नहीं होगी। चयन हेतु निर्धारित मापदण्ड निम्नानुसार होंगे-

चयन के कुल 100 अंक निर्धारित किये गये है, जो निम्नलिखित अनुपात में दिये जायेंगे-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विहित न्यूनतम अर्हता (अर्हकारी परीक्षा में 50 प्रतिशत प्राप्तांको के लिये -10 अंक, 50 प्रतिशत से अधिक के लिए प्रत्येक एक प्रतिशत के लिए -एक अंक) | 60 अंक (अधिकतम) |
| 2. | उच्चतर अर्हता (संबंधित विषय में एम.ई./एम.टेक./एम.फिल उपाधि) (अभ्यर्थी के पास आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि को होनी चाहिए) | 05 अंक |
| 3. | पी.एच.डी. उपाधि (संबंधित विषय में आवेदन जमाकरने की निर्धारित अंतिम तिथि को होनी चाहिए) | 10 अंक |
| 4. | GATE (इंजीनियरिंग विषयों के लिए ) /NET/SET (गणित विषय के लिए) वैध स्कोर कार्ड प्रस्तुत करने पर | 05 अंक |
| 5. | 1. एनसीसी/एनएसएस/(बी प्रमाण-पत्र) - 02 अंक 2. एनसीसी/एनएसएस/(सी प्रमाण-पत्र) - 05 अंक | 05 अंक (अधिकतम) |
| 6. | खेलकूद में राज्य स्तर/राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व, राज्य शासन अथवा भारत सरकार के मोनो वाले प्रमाण-पत्र ही मान्य किये जायेंगे। | 05 अंक (अधिकतम) |
| 7. | शैक्षणिक अनुभव, न्यूनतम अपेक्षित अनुभव के अतिरिक्त (इंजी.महाविद्यालय/ महाविद्यालय/पॉलीटेक्निक स्तर पर 01 अंक प्रति सेमेस्टर अधिकतम 02 अंक प्रति वर्ष) | 10 अंक (अधिकतम) |

संस्था में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 09.10.2023 सायं 05.00 बजे तक यह विज्ञप्ति संस्था की वेबसाइट www.gpkorba.in में भी उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक,
कोरबा (छ.ग.)

जी-05837/3



### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन

फा.क्र./136, 148 एवं 149/निर्माण (पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन)/2023/ कोरबा, दिनांक 25.09.2023

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है :-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 17.10.2023 सायंकाल 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 17.10.2023 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 23 अंतर्गत जायसवाल किराना के पास से एम.आई.जी.II/101 तक सीवर लाईन का मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) (तृतीय निविदा) | 3,97,000/- | 4,000/- |
| 2. | वार्ड क्र. 23 अंतर्गत एल.आई.जी. 146 से एल.आई.जी. 150 एवं एल.आई.जी. 142 से एल.आई.जी. 135 तक सीवर लाईन का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) | 3,88,000/- | 4,000/- |
| 3. | वार्ड क्र. 23 रविशंकर शुक्ल नगर अंतर्गत जायसवाल किराना से एम.आई.जी. 02/101 एवं एल.आई.जी. 150 के समीप नाली एवं कलवर्ट का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) | 3,97,000/- | 4,000/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट website:www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

# सीटी स्कैन की सुविधा से जरूरतमन्द होंगे लाभान्वित महंगे दाम पर मशीन खरीदी बना चर्चा का विषय

**कोरिया/बैकुंठपुर।** विगत पौने पांच बरस में राज्य सरकार स्वास्थ्य अधोसरंचना के विकास पर जोर दिया है तो गांव व आदिवासी सुदूर अंचल में रहने वाले लोगों को रियायती व निशुल्क जांच, इलाज की सुविधा भी मुहैया कराने में कोई कसर नहीं छोड़ा हैं। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सी.टी. स्कैन की सुविधा मिलने से स्थानीय व आसपास के मरीजों को काफी लाभ मिलने लगा है।पर सुविधाओं की आड़ के पूर्व में हुई गड़बड़ी की जाच आज भी फाइलों में बंद होने व खरीदी मशीन की कीमत विभाग द्वारा सूचना के अधिकार के तहत न देने से बेतहाशा कीमत पर मशीन खरीदी पर सवाल खड़े हो रहे है? जब कि गूगल में लगभग सभी मशीनों की कीमत को देखा जा सकता है जिससे खरीदी मशीन की कीमत को लेकर जिले से स्थानांतरित एक कर्मचारी के जुगाड़ से खरीदी तक रुक जाने के कारण मशीन की कीमत को लेकर जिले में यह सुर्खियों का विषय बना हुआ है कि आखिर स्वास्थ विभाग मशीन की कीमत को छुपाना क्यो चाहता हैं जब कि जिले के आम जनता को भी इसकी कीमत जानने का अधिकार है ।

विदित हैं कि स्थानीय लोगों द्वारा जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा के लिए लगातार मांग की जा रही थी। जिला प्रशासन ने आम लोगों की जरूरत और भावनाओं के ध्यान रखते हुए तत्काल यह सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। बता दें सीटी स्कैन मशीन के सूचारू एवं सफल संचालन के लिए पॉवर बैकअप अंतर्गत डीजी सेट (जैनरेटर) की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। साउथ ईस्टर्न कोल फिल्डस लिमिटेड (एस.ई.सी.एल.) के द्वारा सी. एस. आर. मद से जिला चिकित्सालय, बैकुण्ठपुर में सीटी स्कैन मशीन की अनुपलब्धता के कारण गंभीर बीमारियों के आकलन में कठिनाई की आवश्यकता के आधार पर 64 स्लाईस सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हेतु जून 2021 में 3 करोड़ 59 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई थी। एस.ई.सी.एल. बिलासपुर द्वारा जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सी.एस.आर मद के तहत सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने हेतु नियम एवं शर्तो के अनुरूप क्रय समिति का गठन किया गया था। क्रय समिति के तकनीकी सदस्यों के अनुमोदन उपरांत छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम 2002 ( यथा संशोधित 2022 ) नियमों का पालन करते हुए जेम के माध्यम से उपकरण क्रय करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई थी। बैकुण्ठपुर में 100 बिस्तर जिला चिकित्सालय भवन में कोरिया जिला सहित आसपास के जिले सूरजपुर एवं कोरबा के मरीजो को भी काफी राहत मिली है। पहले रेडियोलॉजी विभाग में जांच हेतु केवल डिजीटल एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध



थी। सड़क दुर्घटना एवं अन्य जटिल बीमारियों में सीटी स्कैन हेतु जरूरतमंद एवं गरीब मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटर या अन्य शहर जाना पड़ता था। निजी संस्थानों में शुल्क काफी अधिक होने के कारण आर्थिक नुकसान का भी सामना करना पड़ता था, वहीं बाहर जाने से समय काफी लगता था। जिला अस्पताल में स्थापित सीटी स्कैन की गुणवत्ता को लेकर कुछ लोगों द्वारा भ्रामक प्रचार व अफवाह फैलाया जा रहा है। मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा है कि ऐसे भ्रामक खबर पर कड़ी कार्यवाही जिला प्रशासन के माध्यम से की जाएगी वही मशीन की खरीदी के बिल व भुगतान के सम्बंध में कुछ भी कहने से बचते नजर आए वही जिला स्तर के अधिकारियों के निर्देश में खरीदी करने की बात कही ।साथ ही आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सीटी स्कैन लग जाने से निजी संस्थान व बाहर शहर में जांच कराने के बजाय जिला अस्पताल आकर न्यूनतम दर पर प्रशिक्षित कर्मियों से ही जांच कराएं। सीटी स्कैन के शुभारंभ उपरांत अब तक चार मरीजों ने सीटी स्कैन से जांच कराए हैं। जिला प्रशासन के सकारात्मक पहल व त्वरित गति से की गई कार्यवाही से बैकुण्ठपुर में सीटी स्कैन जांच की सुविधा आम लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

### 3 करोड़ 59 लाख की मशीन

स्वास्थ्य विभाग ने जनसंपर्क के माध्यम से जानकारी जारी करते हुए बताया था कि सीटी स्कैन मशीन 3 करोड़ 59 लाख की कीमत की है, और ये 64 स्लाइस की है। परंतु ये किस कंपनी की कौन सी मशीन है इसकी जानकारी नही दी गई थी। साथ ही मीडिया प्रतिनिधि के द्वारा जानकारी मांगने से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बचते नजर आए वही जन सम्पर्क विभाग को भी मशीन खरीदी के बिल को नही दिया गया जिससे महंगे कीमत में मशीन खरीदी को लेकर आम जनों में संदेह होना स्वाभाविक है ।

### सीधे स्वास्थ्य विभाग ने खरीदी

बताया जा रहा है कि इस मशीन को स्वास्थ्य विभाग ने सीधा खरीदा है, जबकि स्वास्थ्य विभाग में हर तरह के निर्माण से लेकर दवाइयां, उपकरण की खरीदी का अधिकार सीजीएमएससी को है, खरीदने के पूर्व सीजीएमएससी से लागत लेना है नही है तो अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना है, तभी खरीदी की जा सकती है। विभाग ने केंद्र सरकार की जेम वेबसाइट से इस मशीन की खरीदी की है जबकि इस पर चार गुना कीमत होने के आरोप लगते रहे है !

### ब्रांडेड मशीन 64 स्लाइस की 1 करोड़ 70 लाख तक

सीटी स्कैन मशीन की कीमत के लिए नेट बाजार खुला हुआ है आज कोई भी गूगल पर जाकर किसी भी मशीन की कीमत जान सकता है, दुनिया भर में जाने जानी वाली ब्रांडेड कंपनी सेमेंस की मशीन 64 स्लाइस वाली 1 करोड़ 30 लाख की आ रही है। तोशिबा की मशीन 1 करोड़ 70 लाख की आ रही है, इंडिया मार्ट के साथ सैकड़ो साइट है जिस पर मशीन की कीमत आसानी से देखी जा सकती है। किन्तु खरीदी गई मशीन की कीमत गूगल पर नही हैं ।

### यूनाइटेड इमेजिन की मशीन खरीदी

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार यूनाइटेड इमेजिन की CT 528 मॉडल की मशीन खरीदी गई है और वो भी 3 करोड़ 59 लाख की। इस कंपनी ने अपनी साइट पर किसी भी मशीन की कीमत नही बताई है। इस कंपनी से कई बार कीमत की जानकारी भी मांगी गई पर कीमत कंपनी ने शेयर नही की, इसका साफ मतलब है कि मशीन सिर्फ अपने डीलर को ही कीमत बताती होगी।

### पड़ोस का जिला खरीद रहा है सीजीएमएससी से

नियम अनुसार उपकरण / मशीन की खरीदी के लिए सीजीएमएससी अधिकृत है ऐसे में पड़ोसी जिला सुरजपुर को भी सीएसआर की राशि से सीटी स्कैन मशीन खरीदी करना है, उनके द्वारा सीजीएमएससी से ही इस मशीन की खरीदी की जा रही है। अब सवाल ये खड़ा हो रहा है कि आखिर इतनी ज्यादा कीमत की मशीन को खरीदने के पहले जो एक आम आदमी करता है गूगल पर कीमत सर्च करना, क्या कीमत को सर्च नही किया गया होगा ! क्या जानबूझकर एक ही डीलर से सब कुछ खरीदी की गई है! वही दो जिलों में अलग अलग नियम से खरीदी को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं!

# जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद ने बुनियादी सुविधाओं के प्रस्ताव का किया अनुमोदन

## स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें-कलेक्टर



**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में न्यास के पदेन सदस्य एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व भरतपुर-सोनहत के विधायक श्री गुलाब कमरो, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता व शासी परिषद की सदस्य मौजूद थे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले के विकास के लिए विभागवार तैयार की गई कार्ययोजना एवं प्रस्तावों पर विस्तृत जानकारी परिषद के सदस्यों को दी। वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक आय-व्यय लेखा, स्वीकृत कार्यों की वित्तीय वर्षवार प्रगति एवं भौतिक-वित्तीय स्थिति की समीक्षा की। जिला खनिज संस्थान न्यास कोरिया में मार्च 2023 तक 37 करोड़ रूपए से अधिक की अंशदान प्राप्त हुए हैं, जिसमें से डीएमएफ कोरिया को करीब 30 करोड़ रूपए अंतरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लेखाओं का लेखा परीक्षा महालेखाकार के सूचीबद्ध चाटर्ड एकाउण्ट से जिला खनिज संस्थान न्यायस कोरिया एवं 90 कार्य एजेन्सियों का लेखा परीक्षा कराया गया है, जिसे शासी परिषद के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तावित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य देखभाल, पेयजल आपूर्ति, सोलर सिस्टम आदि की प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत एक करोड़ रूपए के स्वीकृत कार्यों का कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किया गया। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में किया जाए साथ ही ऐसे कार्य जो अब-तक नहीं शुरू हुए, उसकी सूची बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम ने विस्तार पूर्वक वार्षिक कार्ययोजना की जानकारी दी साथ ही परिषद द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व विभागीय अधिकारी एवं शासी परिषद के सदस्यगण उपस्थित थे।

# आंदोलन से कोयला उत्पादन ठप, दो करोड़ की क्षति

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव ओपनकास्ट परियोजना के लिए पटना गांव के कृषकों की अधिग्रहित भूमि के बदले पात्र भूस्वामियों अथवा उनके आश्रितों को नौकरी व मुआवजा की मांग को लेकर खान प्रभावित ग्राम पटना के ग्रामीण महिला, पुरुषों ने शुक्रवार को खदान में कोयला उत्पादन व परिवहन ठप कर दिया है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने खदान ने गेट पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करते हुए प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना स्थल पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक खेलसाय सिंह व अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी आंदोलनकारियों का समर्थन किया। ग्रामीणों का आंदोलन जारी है। आंदोलित ग्रामीणों ने कहा कि एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव ओपन कास्ट परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि के बदले 464 ग्रामीणों अथवा उनके आश्रितों को नौकरी दी जानी है, लेकिन क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा अभी तक मात्र 37 लोगों को नौकरी प्रदान की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसईसीएल प्रबंधन की लालफीताशाही के कारण समस्त दस्तावेज पूर्ण किए जाने के बावजूद 427 प्रभावित ग्रामीणों को लंबे समय से नौकरी के लिए एसईसीएल के क्षेत्रीय कार्यालय एवं जिला प्रशासन के कार्यालय में टक्कर काटना पड़ रहा है। प्रभावित भू स्वामियों का आरोप है कि नौकरी देने में एसईसीएल प्रबंधन द्वारा टाल मटोल का रवैया अपनाया जा रहा है। जिसकी वजह से भूस्वामियों के समक्ष परिवार के जीविकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हो गई है। हमारे मकान एवं परिसंपत्ति के मुआवजा राशि का निर्धारण दो वर्ष पूर्व हो जाने के बाद भी आज पर्यंत उन्हें मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया।

# जमीन पर कब्जा करने की मंशा से बांध किया क्षतिग्रस्त, ग्रामीण पहुंचे थाने



**प्रतापपुर।** शुक्रवार की शाम प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा कला के दर्जनों ग्रामीण जमीन विवाद के विरोध में प्रतापपुर थाने में शिकायत करने पहुंचे। शिकायत में बताया गया है कि सेमरा कला में स्थित भूमि पर खेतों की सिंचाई के लिए एक बांध का निर्माण किया गया था। जिसका पानी किसानों की सैकड़ों एकड़ खेतों में लगी फसल की सिंचाई में काम आता था पर ग्राम चमनपुर के ग्रामीणों ने इस बांध की भूमि पर कब्जा करने की नीयत से बांध को तोड़कर तहस नहस कर दिया है। इसके अलावा चमनपुर के ग्रामीणों ने सेमरा कला के जंगल में मौजूद सैकड़ों एकड़ भूमि में लगे सैकड़ों पेड़ों को भी काट कर वहां की भूमि पर कब्जा कर लिया है। इसकी शिकायत पूर्व में भी पुलिस, राजस्व व वन विभाग से की गई थी पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से चमनपुर के ग्रामीणों द्वारा कब्जा की गई भूमि को मुक्त कराने मांग की है।बताया जा रहा है कि जिस भूमि के कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है वह भूमि नारंगी वन खंड की श्रेणी में आती है। बता दें कि नारंगी वन खंड के रूप में चिन्हांकित भूमि को जब तक शासन वन विभाग या राजस्व विभाग के सुपुर्द नहीं कर देता है तब तक उस भूमि को उक्त दोनों ही विभाग अपने रिकार्ड में दर्ज नहीं कर सकते हैं। यही कारण है कि अब तक यहां की भूमि पर कब्जे के विवाद को वन विभाग और राजस्व विभाग नहीं सुलझ पा रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी किशोर केरकेट्टा ने बताया कि कब्जा की गई भूमि का यह विवाद चमनपुर व सेमरा कला के ग्रामीणों के बीच लंबे समय से चला आ रहा है। बीच में पुलिस बल के साथ राजस्व विभाग की टीम जमीन का सीमांकन करने भी गई थी पर ग्रामीणों के विरोध के कारण टीम को बैरंग ही वापस लौटना पड़ा था। थाना प्रभारी केरकेट्टा ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत की पूरी गंभीरता से जांच की जा रही है तथा मामले की जानकारी राजस्व व वन विभाग को भी दे दी गई है।

### आनलाइन मोबाइल खरीदी के चक्कर में कृषक से तीन लाख की ठगी

**अंबिकापुर।** आनलाइन माध्यम से मोबाइल खरीदने के चक्कर में कृषक जालसाजों के झांसे में आ गया। अलग-अलग लालच और धमकी देकर जालसाजों ने उससे तीन लाख रुपये ठग लिए। इसके बाद भी डेढ़ लाख रुपये की मांग कर संपूर्ण राशि वापस करने का झांसा देने पर कृषक सीधे थाने पहुंचा। उसने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शहर से लगे ग्राम परसा निवासी कृषक उदल साय पैकरा ने पुलिस से शिकायत की है कि इंटरनेट मीडिया में फाइव जी मोबाइल देखकर मोबाइल नम्बर 6350643742 के धारक सूरज कुमार से संपर्क किया।

# बिहारी ने विश्वविद्यालय को किया गौरवान्वित

## रासेयो राज्य स्तरीय श्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार से हुए सम्मानित

**कोरिया/बैकुंठपुर।** छग शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के 55 वें स्थापना दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कृषक सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस एवं राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कोरिया जिले के शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक बिहारी लाल साहू को राज्य स्तरीय श्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया।

पुरस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञानेश शर्मा अध्यक्ष योग आयोग छ0ग0, अध्यक्ष डॉ0 गिरीश चंदेल कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, विशिष्ठ अतिथि सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी सचिव उच्च शिक्षा विभाग छ0ग0 शासन, डॉ0 अशोक कुमार श्रोती उप कार्यक्रम सलाहकार भारत सरकार, डॉ0 नीता बाजपेयी राज्य रासेयो अधिकारी एवं डॉ0 आर0 एस0 कुरील उद्यानिकी विश्वविद्यालय के करकमलों से प्रदान किया गया। स्वयंसेवक बिहारी लाल साहू को पुरस्कार के अंतर्गत दस हजार रुपए का चेक एवं श्रेष्ठ स्वयंसेवक का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सम्मान समारोह में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर की ओर से कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 एस0 एन0 पाण्डेय एवं जिला संगठक कोरिया एवं एमसीबी प्रो0 एम0 सी0 हिमधर उपस्थित रहे। जिला संगठक प्रो0 एम0 सी0 हिमधर ने बताया कि बिहारी लाल साहू को यह पुरस्कार वर्ष 2019 में डिजिटल मीडिया वर्कशॉप, 2021 में राज्य स्तरीय योगा फेस्ट शिविर एवं राज्य




स्तरीय चिंतन शिविर, 2023 में युवा संगम एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम नागालैंड में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व तथा महाविद्यालय स्तर स्तर पर सक्रिय स्वयंसेवक का नेतृत्व करने के लिए प्रदान किया गया। स्वयंसेवक बिहारी लाल साहू को पूर्व में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर से विश्वविद्यालय स्तरीय उत्कृष्ट स्वयंसेवक पुरस्कार, जिला स्तरीय उत्कृष्ट स्वयंसेवक के पुरस्कार एवं पटना तथा बैकुंठपुर महाविद्यालय से श्रेष्ठ स्वयंसेवक के पुरस्कार, कोरिया कलेक्टर द्वारा कोरोना वॉरियर्स एवं अनेक संगठनों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। स्वयंसेवक के इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो0 अशोक सिंह, कुलसचिव विनोद एक्का, कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 एसएन पाण्डेय, जिला संगठक प्रो0 एमसी हिमधर, कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 अनुरंजन कुजूर, डॉ0 प्रीति गुप्ता, प्रो0 शिव शंकर राजवाड़े एवं डॉ0 बरखा सिंह सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं कोरिया जिले के वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने राज्य स्तर पर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करने के लिए शुभकामनाएं दी है। बिहारी लाल साहू ने अपने पिता लक्ष्मण साहू, माता श्रीमती कदम कुवंर साहू एवं पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 अनिल सिन्हा, जिला संगठक प्रो0 एम0 सी0 हिमधर को अपने इस उपलब्धि का श्रेय दिया है।

# अधूरे कार्य और निर्माण सामग्रियों के कारण पुल से मोटरसाइकिल सहित नीचे गिरा युवक, मौत

**बतौली।** अंबिकापुर -सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा उपायों का प्रबंध नहीं करने के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। शुक्रवार रात मोटरसाइकिल सहित युवक पुल से नीचे गिर गया।मोटरसाइकिल में सवार व्यक्ति उछलकर पुल के ऊपर ही गिर गया था। पुल के नीचे गिरे युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जूना मंगारी निवासी प्रेमसाय एक्का (37) के रूप में की गई है।पुल पर न तो रेलिंग लगाई गई है और न ही सुरक्षा दीवार खड़ी की गई है। काम भी अधूरा है। निर्माण सामग्रियां भी बिखरी पड़ी है। इसी कारण हादसा हुआ। अंबिकापुर - सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में कई स्थानों पर काम अभी भी पूरा नहीं हुआ है। इन स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा सुरक्षा प्रबंध भी नहीं किए गए हैं।ऐसा ही एक खतरनाक स्थल बेलकोटा का नवनिर्मित पुल है। पुल बन जाने के बाद सड़क के दोनों हिस्से को व्यवस्थित नहीं किया गया है। एक ओर की सड़क के साथ पुल का समतलीकरण तो कर दिया गया है लेकिन दूसरे हिस्से में काम अभी भी बाकी है। यहां असुरक्षित तरीके से निर्माण सामग्री रखा गया है। इसके कारण आवागमन में लोगों को परेशानी भी हो रही है। खतरनाक स्थल पर वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। शुक्रवार रात जूना मंगारी निवासी प्रेमसाय एक्का मोटरसाइकिल से ग्राम सिलसिला से वापस जूना मंगारी लौट रहा था। मोटरसाइकिल के पीछे एक व्यक्ति भी बैठा था। बेलकोटा के पुल के पास अधूरे निर्माण और असुरक्षित तरीक़े से रखे निर्माण सामग्री के कारण चालक का नियंत्रण हट गया। संतुलन बिगड़ने से मोटरसाइकिल उछली। पीछे बैठा व्यक्ति पुल पर ही गिर गया जबकि चालक मोटरसाइकिल सहित पुल के नीचे गिर गया। सूचना मिलते ही बतौली थाना प्रभारी सीपी तिवारी के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पहुंचा। पुल से गिरने के कारण युवक को गंभीर चोट आई थी।

# जांच के लिए पहुंचे सहायक आयुक्त को ग्रामीणों ने बंधक बनाया

**सूरजपुर।** जिले के दूरस्थ ग्राम खोड़ स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के कन्या आश्रम में अनियमितता की जांच करने शुक्रवार को पहुंचे सहायक आयुक्त विश्वनाथ रेड्डी को ग्रामीणों ने कन्या आश्रम में करीब तीन घण्टा बंधक बनाए रखा। उसके बाद वहां पहुंचे भैयाथान एसडीएम द्वारा निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिए जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए और सहायक आयुक्त को छोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि कन्या आश्रम में एक बालिका के सिर में घाव होने और आश्रम प्रबंधन की लापरवाही से उसका इलाज नही होने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने इस आशय की शिकायत जिला प्रशासन से की थी। कन्या आश्रम में अनियमितता की शिकायत की जांच करने शुक्रवार को आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त विश्वनाथ रेड्डी कन्या आश्रम खोड़ पहुंचे थे। इसकी जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में कन्या आश्रम पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें कन्या आश्रम में बंधक बना लिया था। ग्रामीण जमकर नारेबाजी कर रहे थे। ग्रामीण मंडल संयोजक मनोहर गुप्ता एवं छात्रावास अधीक्षक को तत्काल निलंबित करने की मांग कर रहे थे। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचकर



समझाइश देने के बावजूद ग्रामीण मानने को राजी नही थे। कलेक्टर के निर्देश पर भैयाथान एसडीएम सागर सिंह पुलिस एवं प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा कि वे सहायक आयुक्त की जांच से संतुष्ट नहीं है। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने वाले के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उनके आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए।

# सदस्य नहीं पहुंचे, यूनिवर्सिटी के कार्यपरिषद की बैठक स्थगित

**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा की कार्यपरिषद की बैठक शुक्रवार को कोरम के अभाव में नहीं हो सकी। आठ सदस्यों वाले कार्यपरिषद में कम से कम पांच सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है लेकिन सिर्फ एक सदस्य ही बैठक में शामिल हुए। इस कारण अनियमित कर्मचारियों के हड़ताल को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका।

विश्वविद्यालय के अनियमित कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रही। कर्मचारियों ने कहा कि कार्यपरिषद की अगली बैठक 12 अक्टूबर 2023 को प्रस्तावित है। कार्यपरिषद की बैठक में जब तक इस मामले को लेकर कोई निर्णय नहीं हो जाता तब तक उनकी हड़ताल भी जारी रहेगी। अनियमित कर्मचारियों द्वारा ही विश्वविद्यालय के प्रमुख विभागों का कामकाज देखा जाता है। ऐसे में उनके हड़ताल पर चले जाने के कारण विश्वविद्यालय का कामकाज पूरी तरह से प्रभावित है। विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचने वाले विद्यार्थियों में भटकाव की स्थिति है।वे कामकाज के लिए परेशान है। कहीं भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शुक्रवार को हड़ताली कर्मचारियों द्वारा अपनी सीट और कक्ष छोड़कर मंच के सामने समय बिताया गया। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग( यूटीडी) के सहायक प्राध्यापकों का सहयोग और समर्थन भी हड़ताली कर्मचारियों को मिल रहा है। वे बच्चों को पढ़ाने के बजाय हड़ताल स्थल पर भी पहुंच रहे हैं। बकायदा उनके समर्थन में अपनी बात भी रख रहे है। विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से सहायक प्राध्यापकों द्वारा अनियमित कर्मचारियों को समर्थन देने के मामले में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसे उच्चाधिकारी सेवा शर्तों के विपरीत मान रहे हैं हालांकि इस मामले में प्रबंधन की चुप्पी से इस बात को बल मिल रहा है कि यूटीडी के शिक्षक संवर्ग को भी अनियमित कर्मचारियों का साथ देने के लिए प्रेरित किया गया है।

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**ज्योति नंद दुबे**
पूर्व अध्यक्ष
छग. राज्य खाद्य आयोग



दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**मुरली महंत**
प्रदेश उपाध्यक्ष, छग कांग्रेस
पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ

# दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा**
जिलाध्यक्ष
आयुष मेडिकल एसोसियेशन
कोरबा
एवं संचालक पतंजलि
चिकित्सालय महानदी
काम्पलेक्स निहारिका कोरबा



दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**डॉ. संजय गुप्ता**
प्राचार्य
इंडस पब्लिक
स्कूल दीपका



दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**चंद्रभूषण महतो**
जिलाध्यक्ष
जदयू कोरबा

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**विकास सिंह**
प्रदेश सचिव
कांग्रेस कमेटी छग.



दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**सूजित सिंह**
अध्यक्ष
भाजयुमो दीपका मंडल



दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार एसईसीएल सूराकछार परियोजना**

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**केन्द्रीय कर्मशाला एसईसीएल कोरबा पूर्व में कार्यरत समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेकेदार**

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**मनोज शर्मा**
वरिष्ठ भाजपा नेता
एंव पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका दीपका



दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**सुशील विश्वकर्मा**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भारतीय जनता
सेक्युलर पार्टी



दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**जुगनू खान**
प्रदेश उपाध्क्ष
जनता दल युनाईटेड



दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा एवं समस्त स्टाफ**

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं समस्त स्टाफ कटघोरा**

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**फील्ड ऑफिसर एवं समस्त स्टाफ रेशम विभाग कुदमुरा**

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**रेंजर एवं समस्त स्टाफ वन परिक्षेत्र, पसरखेत**


दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 35 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**रेंजर एवं समस्त स्टाफ वन परिक्षेत्र, लेमरू**



कोरबा वन मंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत ने गत दिनों पसान वन परिक्षेत्र का दौरा किया और वहां विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे कलेवा नाला में बन रहे स्टाप डेम को देखने भी गए। इस दौरान रेंजर रामनिवास दहायत, डिप्टी रेंजर के अलावा बीएफओ ईश्वर दास मानिकपुरी उनके साथ थे। उन्होंने कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।



निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़
तरुण छत्तीसगढ़ 35वें के स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
ए.के. बच्चन
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वा.यांत्रिकी विभाग
कोरबा, जिलाः कोरबा छ.ग.


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर
शुभकामनाएँ
इंजी रवि पाण्डेय
संयुक्त महासचिव
प्रदेश कांग्रेस कमेटी, छ.ग


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़
तरुण छत्तीसगढ़ 35वें के स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
बाबूलाल जायसवाल
अध्यक्ष
सर्व जायसवाल समाज,
जिलाः जांजगीर -चांपा छ.ग.
श्रीमती सरोजनी जायसवाल
पूर्व अध्यक्ष
जनपद पंचायत बम्हनीडीह
जिलाः जांजगीर -चांपा छ.ग.



निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़ 35वें के स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
अमर सुल्तानिया
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा
जिला : जांजगीर -चांपा छ.ग.


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर
शुभकामनाएँ
शुभेच्छु
श्रीमती आशा साहू
अध्यक्ष, जनपद पंचायत बम्हनीडीह
विधानसभा क्षेत्र जैजेपुर
बालेश्वर साहू
जिलाध्यक्ष, जिला युवक कांग्रेस, सक्ती
जिलाध्यक्ष, साहू समाज, जांजगीर चांपा


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़ 35वें के स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
पुरूषोत्तम शर्मा
जिला महामंत्री, भाजपा
जिला : जांजगीर -चांपा छ.ग.



निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़ 35वें के स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
मो. इब्राहिम मेमन
कांग्रेस नेता, चांपा
जिलाः जांजगीर चांपा छ.ग.


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़ 35वें के स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
महंत रामसुंदर दास जी
महामंडलेश्वर दुधाधारी मठ मंदिर, रायपुर
मठ मंदिर शिवरीनारायण छ.ग.


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर
शुभकामनाएँ
शुभेच्छु
दीपक सलूजा
खालसा ट्रांसपोर्ट कंपनी
चांपा, जिलाः जांजगीर चांपा छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरुण छत्तीसगढ़
तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर
शुभकामनाएँ
शारदा मां लाजिस्टीक
प्राईवेट लिमिटेड
कन्हाईबंद नैला










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष, निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र
तरुण छत्तीसगढ़
के 35वें स्थापना दिवस पर
शुभकामनाएं
हाजी अखलाख खान
अध्यक्ष-सुन्नी मुस्लिम जमात, कोरबा
उपाध्यक्ष- जिला कांग्रेस कमेटी, कोरबा छ.ग.


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़
के 35 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
विकास अग्रवाल
जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ
भाजपा एवं पूर्व पार्षद वार्ड क्र 02
श्रीमती आरती अग्रवाल
पार्षद, वार्ड क्रमांक 2 साकेत नगर
नगर पालिक निगम, कोरबा छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष, निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र
तरुण छत्तीसगढ़
के 35वें स्थापना दिवस पर
शुभकामनाएं
अन्नपूर्णा कोल्ड स्टोरेज
पताढ़ी
जिलाः कोरबा छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष, निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र
तरुण छत्तीसगढ़
के 35 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
मेसर्स नन्दकिशोर अग्रवाल
सिविल कांन्ट्रेक्टर एण्ड इंजी,
कोरबा , जिला-कोरबा छ.ग.


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरुण छत्तीसगढ़
के 35वें स्थापना दिवस पर
शुभकामनाएं
अपनी कीमती जीवन को सुख और आराम की जिन्दगी बनाकर नष्ट करने से बढ़िया है कि अपने राष्ट्र की सेवा करो – महाराणा प्रताप
ठा. अवधेश सिंह
अध्यक्ष
राजपूत क्षत्रिय समाज, कोरबा
ठा. आर.के.सिंह
संरक्षक
ठा. यू.एस.सिंह
संरक्षक
ठा. शशि सिंह
राष्ट्रीय संगठन मंत्री
ऑल इंडिया क्षत्रिय फेडरेशन
ठा. मुकेश सिंह
सचिव
ठा. विजय सिंह
उपाध्यक्ष
ठा. बच्चू सिंह
कोषाध्यक्ष
ठा. छन्नूसिंह
सहसचिव
ठा. जितेन्द्र सिंह
(लाला) सदस्य
विनीत राजपूत क्षत्रिय समाज, कोरबा

**अनमोल वचन**

ईश्वर के समक्ष केवल प्रार्थना ही ना करे बल्कि ध्यान भी लगाए। प्रार्थना में हम ईश्वर से बात करते हैं जबकि ध्यान में ईश्वर हमसे बात करते हैं।

# अब अमेरिका को आईना!

जयशंकर ने ना सिर्फ कनाडा को सख्त संदेश दिया, बल्कि अमेरिका को भी आईना दिखाने की कोशिश की। जयशंकर के भाषण ऐसी कई बातें आईं, जो अक्सर आजकल चीनी राजनयिकों के भाषणों में सुनने को मिलती हैं। संयुक्त राष्ट्र में विदेश मंत्री एस जयशंकर के संबोधन का लब्बोलुआब संभवतः यह है कि भारत ने पश्चिमी देशों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जयशंकर ने वहां से ना सिर्फ कनाडा को सख्त संदेश दिया, बल्कि अमेरिका को भी आईना दिखाने की कोशिश की। जयशंकर के भाषण ऐसी कई बातें आईं, जो अक्सर आजकल चीनी राजनयिकों के भाषणों में सुनने को मिलती हैं। मसलन, उन्होंने कहा कि अब वह दौर चला गया, जब कुछ देश दुनिया का एजेंडा तय कर देते थे। साथ ही उन्होंने नियम आधारित विश्व व्यवस्था के अमेरिकी कथानक पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं में अक्सर नियम आधारित विश्व व्यवस्था की बात आती है। संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र का भी उल्लेख किया जाता है। लेकिन असल में कुछ ही देश हैं, जो एजेंडा तय करते हैं और नियमों को परिभाषित करते हैं। जयशंकर ने कहा- 'यह अनिश्चितकाल तक चलते नहीं रह सकता। ना ही अब बिना किसी चुनौती के ऐसा चलता रहेगा।' इसके साथ ही वैक्सीन भेदभाव, जयवायु परिवर्तन की ऐतिहासिक जिम्मेदारी और खाद्य एवं ऊर्जा को जरूरतमंद देशों के बजाय धनी देशों को भेजने के लिए बाजार की शक्ति के उपयोग का मुद्दा भी उठाया। ये वो तमाम बातें हैं, जिन पर धनी देशों का विकासशील देशों के साथ पुराना टकराव रहा है। न्यूयॉर्क में हुए एक अन्य संवाद के दौरान जयशंकर ने कनाडा पर आतंकवाद की पनाहगाह होने का सीधा सीधा इल्जाम लगाया। नियम बनाने वालों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा प्रादेशिक अखंडता और अन्य देशो के आंतरिक मामलों में अहस्तक्षेप की नीति को अपनी सुविधा के अनुसार लागू नहीं किया जा सकता। जयशंकर के इन बयानों का मतलब फिलहाल तो यही निकाला जाएगा कि कनाडा की धरती पर एक कनाडाई नागरिक की हत्या में भारत का हाथ होने के आरोप पर बचाव की मुद्रा में नहीं है। सरकार का बचाव की मुद्रा में ना आना राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना को पुष्ट करेगा। मगर इसके साथ ही यह प्रश्न भी है कि क्या साथ-साथ पश्चिम और चीन के गुट के साथ टकराव मोल लेना देश के दूरगामी हित मे है। आशा है, नीति निर्माताओं पर इस पर पर्याप्त विचार किया होगा।

## राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को मेहनत जारी रखनी होगी, सफलता जल्द ही आपके कदम चूमेगी। आज आप उन चीजों को महत्व देंगे जो आपके लिए महत्वपूर्ण है।

वृष राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपकी मेहनत और लगन से आपका अधूरा काम पूरा हो जायेगा। किसी जरूरतमंद को वस्त्र दान करेंगे लोग आपकी कद्र करेंगे। बिजनेस के काम की वजह से आपको दूसरे शहर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आज आपको किसी मित्र के यहां फंक्शन में शामिल होने का मौका मिलेगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। क्राकरी का बिजनेस कर रहे लोगों की बिक्री आज बढ़ेगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहद अच्छा रहेगा, प्रमोशन होने के चांस है। बिजनेस के सारे रुके हुए कामों को आज आप पूरा कर लेंगे।

कर्क राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। बिजनेसमैन आज अपने बिजनेस को और आगे बढ़ाने के लिए किसी दूसरे बड़े व्यापारी से डील फाइनल करेंगे। राजनीति के कामों में आज आप ज्यादा रूचि लेंगे, आपके अच्छे कामों की आज तारीफ होगी।

सिंह राशि- आज आपका आत्मविश्वास अच्छा रहेगा। आज आप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए कोचिंग ज्वाइन करेंगे। इस राशि के जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनको कंपनी की तरफ से विदेश टूर पर जाने का मौका मिलेगा। होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर रहे छात्रों को जॉब के लिए कोई बड़ा ऑफर मिलेगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। ऑफिस में आपके हार्डवर्क को देखते हुए बॉस आपकी सैलरी में इन्क्रीमेंट कर सकते हैं। जॉब की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत आज रंग लाएगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। लवमेट आज कहीं घूमने जायेंगे, एक दूसरे को उपहार भी देंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आप प्रॉपर्टी डीलर है तो आपको आज अधिक फायदा होगा। काम के प्रति भागदौड़ बनी रहेगी, धैर्य के साथ काम को अच्छे तरीके से करें। आप फिजूल की बातों पर बहस मत करें, बेहतर होगा की आवश्यकता पड़ने पर ही बात करें, मन शांत रहेगा। महिलाएं आज अपने कामों में बिरहेगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। ग्राफ़िक डिजाईन के स्टूडेंट्स आज कुछ नया क्रिएटिव करेंगे, साथ ही अपने जूनियर्स को भी सिखाएंगे। आज आप किसी कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए अपने पेरेंट्स के साथ जाएंगे।

धनु राशि- आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। आप ऐसे लोगों से मिलेंगे, जो भविष्य में आपकी मदद करेंगे। इम्पोर्टेन्ट वर्क पूरा करने में ध्यान भटक सकता है, इसलिए अपने काम को कंसन्ट्रेट होकर करें।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, पढ़ाई में मन लगेगा। किसी अनुभवी की सलाह से आपको धन लाभ मिलेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज अपने काम पर फोकस करें, काम सफल होगा। मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों को आज इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। आज आप अपने बच्चों को उपहार देंगे। बच्चों का मन प्रसन्न होगा। अगर आप प्रॉपर्टी डीलर हैं, तो आपको फायदा होगा।

मीन राशि- आज आपका दिन बेहद ही सुनहरा रहेगा। समाज में आपके कामों की तारीफ होगी, आपका लोगों पर इम्प्रेसन अच्छा जमेगा। घर के डेकोरेशन का वर्क करवाने के लिए आप अपने परिवार से सलाह लेकर किसी डेकोरेशन वाले से करवाएंगे। माता-पिता का सहयोग मिलेगा उनके साथ आप किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाएंगे।

# सांसदों को विधायकी लड़ाने पर सवाल

//अजीत द्विवेदी//

**पहले भी ऐसा होता था लेकिन वह अपवाद था कि सांसदों को विधानसभा का चुनाव लड़ाया जाए। अब भारतीय जनता पार्टी ने इस अपवाद को नियम बना दिया है। वह सभी राज्यों में सांसदों को विधानसभा के चुनाव लड़ाती है। यहां तक कि केंद्रीय मंत्री भी विधानसभा का चुनाव लड़ते हैं। अभी मध्य प्रदेश में भाजपा ने तीन केंद्रीय मंत्रियों- नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते को चुनाव मैदान में उतारा है। हैरानी नहीं होगी अगर चौथे मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी चुनाव में उतारा जाए। इससे पहले त्रिपुरा में केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक को चुनाव लड़ाया गया था। उससे भी पहले 2021 के विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक और बाबुल सुप्रियो को चुनाव लड़ाया था। हालांकि बाबुल सुप्रियो चुनाव हार गए थे।**

अब कहा जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान में भी कुछ केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा का चुनाव लड़ाएगी। केंद्र जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल दोनों के नाम की चर्चा है। तेलंगाना में भाजपा के चार सांसद हैं, जिनमें से एक जी किशन रेड्डी केंद्र सरकार में मंत्री हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा ने केंद्रीय मंत्री सहित अपने चारों सांसदों को तेलंगाना विधानसभा का चुनाव लड़ाने का फैसला किया है। खबरों के मुताबिक मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के परिवार के सदस्य, जहां से चुनाव लड़ेंगे वहां भाजपा अपने सांसदों को मैदान में उतारेगी। पहले भी पार्टियां विधानसभा चुनाव में अपने पक्ष में हवा बनाने के लिए बड़े चेहरों को मैदान में उतारती थी। इसलिए कई बार सांसदों को भी चुनाव लड़ाया जाता था। लेकिन यह काम तब होता था जब पार्टियों के पास कोई करिश्माई नेतृत्व नहीं होता था या जब पार्टी मुश्किल मुकाबले में फंसी होती थी। तभी हैरानी है कि भाजपा के पास नरेंद्र मोदी का चेहरा है और पार्टी मान रही है कि कहीं भी उसकी लड़ाई नहीं है, वह आराम से चुनाव जीत रही है तब भी इतनी बड़ी संख्या में सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव लड़ा रही है। बहरहाल, सांसदों या केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा का चुनाव लड़ाने को लेकर कुछ नैतिक व राजनीतिक सवाल हैं, जिनका जवाब पार्टियों को देना चाहिए।

पहले तो सांसदों के विधानसभा का चुनाव लड़ना ही सवाल खड़े करता है। एक सांसद अपने लोकसभा क्षेत्र की पांच या छह विधानसभा सीटों का प्रतिनिधित्व करता है। उसको एक विधानसभा सीट से चुनाव लड़ाने की क्या तुक है? क्या इससे पक्षपात की संभावना नहीं बनती है? यह हो सकता है कि सांसदों को अंदाजा हो कि उनको विधानसभा का चुनाव लड़ना पड़ सकता है तो वे पहले से ही किसी खास विधानसभा क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देते हों। यह भी हो सकता है कि अगर चुनाव लड़ रहा सांसद विधानसभा का चुनाव हार जाए तो बतौर सांसद वह उस क्षेत्र की जनता से बदला लेने के लिए उस विधानसभा क्षेत्र में काम न कराए या अपनी निधि का पैसा वहां खर्च न करें? इस तरह यह एक तरह के पक्षपात की संभावना को जन्म देता है। पांच या छह सीटों का प्रतिनिधित्व करने वाले किसी सांसद को विधानसभा का चुनाव लड़ाने से यह मैसेज तो बनता है कि पार्टी ने बड़ा चेहरा उतारा है लेकिन इससे उस सांसद का कद छोटा होता है।

दूसरा सवाल राजनीतिक नैतिकता को लेकर है। अगर कोई सांसद विधानसभा का चुनाव जीत जाता है तो इसका मतलब है कि किसी एक सीट पर निश्चित रूप से उपचुनाव होगा। क्योंकि या तो वह लोकसभा की सीट छोड़ेगा या विधानसभा का। यह सिर्फ अभी के चुनाव की बात नहीं है। अभी लोकसभा का कार्यकाल बहुत कम बचा हुआ है इसलिए हो सकता है कि विधायक बनने के बाद कोई सांसद इस्तीफा दे तो उपचुनाव नहीं कराया जाए। लेकिन आमतौर पर अगर कोई नेता लोकसभा और विधानसभा दोनों सीटों पर जीता हुआ होता है तो वह एक सीट से इस्तीफा देता है और वहां उपचुनाव होता है। जैसा कि पश्चिम बंगाल में निशीथ प्रमाणिक और जगन्नाथ सरकार की सीट पर हुआ या त्रिपुरा में प्रतिमा भौमिक की सीट पर हुआ। इस तरह के उप चुनाव के लिए आचार संहिता लगती है, केंद्रीय बलों की तैनाती होती है, बड़े नेता कामकाज छोड़ कर प्रचार करते हैं और चुनाव आयोग का बेवजह खर्च बढ़ता है।

सोचें, एक तरफ पूरे देश में एक चुनाव के लिए विधानसभा और लोकसभा का कार्यकाल फिक्स्ड करने पर विचार हो रहा है तो दूसरी ओर सांसदों को विधानसभा का चुनाव लड़ाया जा रहा है! केंद्र सरकार ने एक देश, एक चुनाव पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में आठ सदस्यों की एक कमेटी बनाई है। सबको अंदाजा है कि एक देश, एक चुनाव का कोई भी सिद्धांत तभी कामयाब हो सकता है, जब लोकसभा और विधानसभा का कार्यकाल फिक्स्ड किया जाए। यानी तय कर दिया जाए कि पांच साल के भीतर किसी हाल में लोकसभा और विधानसभा भंग नहीं होगी ताकि सरकार गिरने पर मध्यावधि चुनाव न कराना पड़े। ऐसा एक कानून ब्रिटेन की संसद ने पास किया था लेकिन 2017 में उसे बदल दिया गया। बहरहाल, एक तरफ फिक्स्ड कार्यकाल की बात हो रही है तो दूसरी ओर लोकसभा के सांसदों को विधानसभा का चुनाव लड़ाया जा रहा है! यह तो सीधे सीधे उपचुनाव की संभावना पैदा करने वाला कदम है!

आखिर में एक बड़ा सवाल केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव लड़ाने पर है। अगर कोई केंद्रीय मंत्री विधानसभा का चुनाव लड़ता है तो यह प्राकृतिक न्याय के विरूद्ध होता है। इससे चुनाव का मैदान बराबरी का मैदान नहीं रह जाता है। केंद्रीय मंत्री देश के 140 करोड़ लोगों का मंत्री होता है। उसका कद और प्रोटोकॉल बहुत बड़ा होता है। उसकी सुरक्षा और अन्य तामझाम बहुत बड़ा होता है। जबकि दूसरी ओर उसके खिलाफ लड़ने वाला नेता किसी पार्टी का सामान्य कार्यकर्ता हो सकता है। अगर वह राज्य का मंत्री भी है तब भी उसका दर्जा बहुत नीचे है। दूसरे उम्मीदवार के प्रति स्थानीय प्रशासन, पुलिस और चुनाव आयोग के अधिकारियों-कर्मचारियों का रवैया वही नहीं रहेगा, जो केंद्रीय मंत्री के प्रति होगा। कोई कुछ भी दावा करे लेकिन इससे स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की संभावना प्रभावित होती है। तभी दुनिया के कई देशों में आम चुनाव से पहले सरकार को हटा दिया जाता है और कोई कार्यवाहक सरकार चुनाव कराती है। भारत में ऐसी व्यवस्था नहीं है। फिर भी आम चुनावों की बात अलग है लेकिन अगर केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी अपने किसी मंत्री को विधानसभा का चुनाव लड़ाती है तो उसे कम से कम मंत्री पद से हटा कर चुनाव में भेजना चाहिए।

# अज़रबैजान ने मौके का फायदा उठाया

//श्रुति व्यास//

**कत्लेआम तो टल गया लेकिन उसने बड़े पैमाने पर पलायन का स्वरुप ले लिया। पिछले हफ्ते अज़रबैजान ने अपनी ही नागोर्नो-काराबाख़ पर सैन्य आक्रमण किया जिसमें केवल एक दिन में 200 से अधिक लोग मारे गए। लेकिन अगले दिन ही युद्धविराम कायम हो गया और क्षेत्र में सक्रिय अर्मेनियाई अलगववादी आत्समर्पण करने और अपने संगठन को भंग करने के लिए राजी हो गए। इसका मतलब हुआ अज़रबैजान की जीत। इस इलाके में तीन साल पहले तैनात की गई रूस की शांतिसेना की मध्यस्थता से हुए इस समझौते का एक अर्थ है नागोर्नो-काराबाख़ का अर्ध-स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा समाप्त हो जाना। अभी तक 13,000 लोग इस इलाके से आर्मेनिया के लिए पलायन कर चुके हैं। रास्ते में एक पेट्रोल स्टेशन पर हुए बम विस्फोट में 200 लोग घायल हो गए। आर्मेनिया की सीमा पर गाड़ियों की रेलमपेल है और देश के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान ने चेतावनी दी है कि क्षेत्र में नस्लीय सफाई जारी है। वहां के बहुत से लोग अपने जीवन में दूसरी या तीसरी बार शरणार्थी बन गए हैं।**

नार्गोनो-काराबाख में आर्मेनियाई रहते हैं लेकिन यह औपचारिक रूप से अज़रबैजान का हिस्सा है और यहां पिछले तीन दशकों में खून-खराबे भरे दो बड़े युद्ध हो चुके हैं। सन् 2020 में हुए अंतिम युद्ध में अज़रबैजान ने कई ऐसे इलाकों पर कब्जा कर लिया जो सन् 1990 के दशक से आर्मेनियाई सुरक्षा बलों के नियंत्रण में थे। अज़रबैजान के हालिया हमले को भी 'आतंकी विरोधी कार्यवाही' कहा गया जिसका उद्धेश्य संवैधानिक व्यवस्था दुबारा स्थापित करना था। और अज़रबैजान ने एक दिन में वह हासिल कर लिया जो वह पिछले तीन दशकों में नहीं कर पाया था।

लेकिन नार्गोनो-काराबाख पर सैन्य आक्रमण और उसके नतीजे में एक मानवीय त्रासदी उत्पन्न कर अज़रबैजान के राष्ट्रपति इलहम एलियेव ने पश्चिम को नाराज कर लिया है। पिछले सप्ताह जर्मनी की विदेशमंत्री अन्नालेना बेयरबोक ने बाकू को बलप्रयोग न करने के बार-बार दिए गए आश्वासन को तोड़ने, जिसके नतीजे में पहले से ही बदहाल लोगों को जबरदस्त कष्ट झेलना पड़ रहा है का दोषी ठहराया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि अज़रबैजानी सरकार 'निरंकुश' है। पश्चिम में यह व्यापक मान्यता है कि शांति कायम रखने की जिम्मेदारी निभा रहे रूसियों ने अज़रबैजान की मदद की क्योंकि हाल के महीनों में आर्मेनिया का झुकाव पश्चिम की ओर बढ़ गया है। जहां तक अज़रबैजान का सवाल है, कहा जाता है कि वह कई सालों से कथित 'कैवियार कूटनीति' का सहारा ले रहा है अर्थात धन और उपहारों के जरिए यूरोप में अपना प्रभाव बढ़ा रहा है।

गार्जियन ने एक खबर में खुलासा किया है कि अज़रबैजान ने ब्रिटिश कंपनियों के एक गुप्त नेटवर्क के जरिए यूरोप में अपनी समर्थकों, पैरवी करने वालों और राजनीतिज्ञों को भेंट देने के लिए 2.9 अरब डालर देश से बाहर भेजे। यह पैसा लक्ज़री गुड्स और सेवाएं हासिल करने और अज़रबैजान के प्रभावशाली लोगों के लिए मनी लांडरिंग करने के लिए भी प्रयुक्त हुआ। अज़रबैजान की 'कैवियार कूटनीति' का नतीजा यह हुआ कि यूरोप ने 2020 के नार्गोनो-काराबाख युद्ध में बाकू द्वारा किए गए अत्याचारों को नजरअंदाज कर उससे नजदीकी कायम कर ली। सन् 2022 में रूस के अलावा पेट्रोलियम प्रदाय के नए विकल्प ढूंढ़ रहे यूरोपियन कमीशन के अध्यक्ष उरसुला वोन डेर लेयन बाकू पहुंची और उन्होंने अज़रबैजान को एक 'महत्वपूर्ण' एवं 'विश्वसनीय' ईंधन सप्लायर बताते हुए उसकी प्रशंसा की और एक समझौते की घोषणा की जिसके अंतर्गत सन् 2027 तक ईयू द्वारा अज़रबैजान से खरीदी जाने वाली गैस की मात्रा दुगनी की जाएगी।

अज़रबैजान हालाँकि नार्गोनो-काराबाख के निवासियों को आश्वस्त कर रहा है कि उनका नुकसान नहीं किया जाएगा लेकिन ये लोग भयभीत हैं। अलगावादियों द्वारा युद्धविराम स्वीकारने और हथियार छोड़ने के लिए राजी होने के बाद से अब तक केवल 70 टन खाद्यान्न की राहत सामग्री की एक खेप को वहां आने की अनुमति दी गई है। आर्मेनियाई जातीय समूह के नेताओं का कहना है कि हजारों लोग छत और भोजन से महरूम हैं और तलघरों, स्कूल के भवनों और खुले में सोने पर मजबूर हैं।

जहां तक पश्चिम और अन्य देशों का सवाल है, वे कुछ खास नहीं कर रहे हैं। अज़रबैजान द्वारा नार्गोनो-काराबाख में आतंक और बल का सहारा लेने और यूक्रेन पर रूसी हमले के जारी रहने से ईयू और पश्चिम दुविधा में है। सर्दियां आ रही हैं और गैस की मांग बहुत बढ़ेगी और साथ ही 'कैवियार' की ज़रुरत भी। एक ओर हैं उनके अपने और अपनी जनता के हित और दूसरी ओर है इंसाफ का साथ देने का दबाव। एक न्यायपूर्ण दुनिया में ङ्क भले ही हम उसे काल्पनिक मानें ङ्क अज़रबैजान पर उसके द्वारा किए जा रहे अत्याचारों के चलते तत्काल प्रतिबंध लगा दिए गए होते।'आशावादी' आर्मेनियाईयों की यही मांग है कि अज़रबैजान पर सख्त प्रतिबंध लगाए जाएं जो अपनी गैस और तेल की कमाई का उपयोग अपनी सैन्य शक्ति बढ़ाने के लिए कर रहा है। लेकिन अब तक पश्चिम अज़रबैजान पर प्रतिबंध लगाने की संभावनाओं पर 'विचार' ही कर रहा है। और पश्चिम के नेताओं के विचारों में डूबे होने के कारण साधी गई चुप्पी का प्रभाव दुनिया में हो रही घटनाओं पर साफ नजर आ रहा है।

# समान नागरिक संहिता पर क्या हो रहा है

क्या केंद्र सरकार जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई कमेटी की सिफारिशों के आधार पर देश में समान नागरिक कानून लागू करेगी। इस मामले की क्रोनोलॉजी देख कर ऐसा लग रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 जून को भोपाल में एक कार्यक्रम में समान नागरिक संहिता की वकालत की, जिसके तेजी से घटनाक्रम शुरू हुआ। एक तरफ उत्तराखंड सरकार द्वारा इस मसले पर बनाई गई समिति के सदस्य विधि आयोग से मिले तो दूसरी ओर विधि आयोग आम लोगों से इस पर राय मांगी और खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कह दिया था कि एक घर दो कानून से नहीं चल सकता है। इन सबके बीच जुलाई महीने में जगह जगह सेमिनार और सम्मेलन होने लगे, जिनमें हर तरफ से समान कानून की वकालत की जा रही थी। प्रधानमंत्री के बयान के करीब तीन महीने बाद इस मसले पर चौतरफा चुप्पी है। प्रधानमंत्री ने 28 जून के बाद इस बारे में कुछ नहीं कहा। इस मामले पर ध्यान इसलिए गया है क्योंकि एक छोटी सी खबर आई है कि उत्तराखंड सरकार ने इस मसले पर विचार के लिए बनी कमेटी का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ा दिया है। ध्यान रहे सुप्रीम कोर्ट की रिटायर जज जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में कमेटी बनी है, जो समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार कर रही है। इस कमेटी का गठन पिछले साल हुआ था और दो बार के विस्तार के बाद इसका कार्यकाल 27 सितंबर को खत्म हो रहा था। इसे चार महीने का एक और विस्तार दे दिया गया है।

सोचें, जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई ने खुद 27 जून को कहा था कि समान नागरिक कानून का मसौदा तैयार है और जल्दी ही उसे सरकार को सौंप दिया जाएगा। इसके अगले दिन प्रधानमंत्री मोदी ने भोपाल में इसकी वकालत की थी। तब कहा गया था कि जुलाई के अंत तक जस्टिस देसाई कमेटी की रिपोर्ट उत्तराखंड सरकार को सौंप दी जाएगी। उस समय चर्चा थी कि इस कमेटी के मसौदे को ही केंद्र सरकार अपना कर पूरे देश में लागू कर सकती है। इस चर्चा को और बल तब मिला, जब जस्टिस देसाई ने दिल्ली में विधि आयोग के सदस्यों से मुलाकात की। फिर विधि आयोग ने लोगों की राय मंगाने का फैसला किया। पहले 13 जुलाई तक का समय दिया गया था, जिसे बाद में बढ़ा कर 28 जुलाई कर दिया गया। एक महीने में आयोग को एक करोड़ से ज्यादा सुझाव मिले हैं। सो, अब सवाल है कि जब जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई कमेटी ने मसौदा तैयार कर लिया था तो उसने सरकार को सौंपा क्यों नहीं और अब उसको विस्तार क्यों दिया गया है। बताया जा रहा है कि विधि आयोग इस मसले पर मिले एक करोड़ से ज्यादा सुझावों की छंटनी कर रहा है।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह नई दिल्ली के विज्ञान भवन में उभरता भारत, अभूतपूर्व विकास का अमृत काल विषय पर पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 118वें वार्षिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



मुंबई में एक स्टैंड-अप कॉमेडी कार्यक्रम के दौरान अभिनेता भूमि पेडनेकर, शहनाज़ कौर गिल और सोनम कपूर।


मुंबई में एक स्टैंड-अप कॉमेडी कार्यक्रम के दौरान आगामी फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग की कलाकार भूमि पेडनेकर, शहनाज़ कौर गिल, कुशा कपिला, शिबानी बेदी और डॉली सिंह फोटो के लिए पोज़ देते हुए।



पेटा इंडिया के स्वयंसेवकों ने भुवनेश्वर के स्टेशन स्कायर में शाकाहारी जागरूकता माह के दौरान लोगों से शाकाहारी बनने का आग्रह करने के लिए एक थाली में परोसी गई खून से लथपथ महिला के साथ एक जागरूकता नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।


बेंगलुरु में तमिलनाडु को कावेरी जल छोड़े जाने के खिलाफ बुलाए गए कर्नाटक बंद के दौरान सुनसान सड़कें।


श्रद्धालु हरिद्वार में पितृ पक्ष के पहले दिन गंगा नदी के तट पर तर्पण अनुष्ठान करते हुए।

# यूरोपीय देशों में रिकॉर्ड तोड़ रही गर्मी, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, सितंबर बना 2023 का सबसे गर्म महीना



**पेरिस, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**

ऑस्ट्रिया, फ्रांस, जर्मनी, पोलैंड और स्विटजरलैंड ने शुक्रवार को बताया कि सितंबर साल का सबसे गर्म महीना था। यूरोप में बेमौसम गर्मी तब आई जब यूरोपीय संघ के जलवायु मॉनिटर ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि उत्तरी गोलार्ध में गर्मियों में वैश्विक तापमान रिकॉर्ड पर सबसे गर्म था। फ्रांसीसी मौसम प्राधिकरण मेटियो-फ्रांस ने कहा कि देश में सितंबर का औसत तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।बता दें फ्रांस में औसत तापमान लगभग दो वर्षों से लगातार मासिक मानदंडों से अधिक रहा है। पड़ोसी जर्मनी में, मौसम कार्यालय डीडब्ल्यूडी ने कहा कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से यह महीना सबसे गर्म सितंबर था, जो 1961-1990 बेसलाइन से लगभग 4 C सेल्सियस अधिक है। पोलैंड के मौसम संस्थान ने घोषणा की कि सितंबर का तापमान औसत से 3.6 C सेल्सियस अधिक था और यह 100 साल से भी अधिक समय पहले रिकॉर्ड किए जाने के बाद से इस महीने का सबसे गर्म महीना था।वहीं ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड के अल्पाइन राष्ट्रों में राष्ट्रीय मौसम निकायों ने भी सितंबर में अब तक का सबसे गर्म औसत तापमान दर्ज किया। स्पैनिश और पुर्तगाली राष्ट्रीय मौसम संस्थानों ने चेतावनी दी है कि इस सप्ताह के अंत में असामान्य रूप से गर्म तापमान बढ़ने वाला है, शुक्रवार को दक्षिणी स्पेन के कुछ हिस्सों में पारा 35C सेल्सियस से ऊपर हो जाएगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि मानव गतिविधि के कारण होने वाले जलवायु परिवर्तन से वैश्विक तापमान बढ़ रहा है, दुनिया में तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से लगभग 1.2C सेल्सियस ऊपर है। यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा ने इस महीने की शुरुआत में एएफपी को बताया कि 2023 मानवता द्वारा अनुभव किया गया सबसे गर्म वर्ष होने की संभावना है। उच्च तापमान क्षितिज पर होने की संभावना है क्योंकि एल नीनो मौसम की घटना - जो दक्षिणी प्रशांत और उससे परे पानी को गर्म करती है - अभी शुरू हुई है। संयुक्त राष्ट्र की महत्वपूर्ण वार्ता के लिए विश्व नेता 30 नवंबर से दुबई में एकत्र होंगे, जिसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों को रोकना है, जिसमें 2015 के ऐतिहासिक पेरिस समझौते के लक्ष्य, वार्मिंग को 1.5ष्ट तक सीमित करना भी शामिल है।

## एक्शन मोड में सीएम सुक्खू, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के अवैध कब्जे पर होगी कार्रवाई



**शिमला, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि पिछले कई वर्ष से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोग हिमाचल प्रदेश की सीमाओं में प्रवेश कर कब्जे कर रहे हैं। चंबा जिले में जम्मू-कश्मीर से लगते चुराह में कब्जे किए गए हैं जबकि लाहुल-स्पीति जिले के सरचू में लद्दाख के लोगों ने कब्जे किए हैं। शिमला में वीरवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि अमृतसर में हुई उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गर्वनर मनोज सिन्हा व लद्दाख के लेफ्टिनेंट गर्वनर बीडी मिश्रा से इस संबंध में चर्चा की। दोनों ने इस तरह की घटनाएं रोकने की बात कही है। सुक्खू ने बताया कि उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से भारतीय सर्वेक्षण विभाग से सर्वे करवाने की मांग की है ताकि सीमा विवाद को सुलझाया जा सके। सुक्खू ने प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे हिमाचल के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग वीरवार को केंद्र सरकार से फिर उठाई है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीम आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए तीसरी बार हिमाचल आ गई है, अब तो विशेष पैकेज केंद्र को जारी कर देना चाहिए। प्रभावित परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार अपने बजट में कटौती कर विशेष पैकेज देगी। कहा कि अमृतसर में हुई उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हिमाचल हित से जुड़े मामलों को उठाया है। मंडी जिले में पंजाब के स्वामित्व वाले शानन प्रोजेक्ट को हिमाचल को दिलाने के लिए केंद्र से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि शानन परियोजना की लीज मार्च 2024 में पूरी हो रही है तो यह हिमाचल को मिलना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री और पंजाब के मुख्यमंत्री से भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) में हिमाचल को स्थायी सदस्य बनाने, 7.19 प्रतिशत के हिसाब से बकाया चार हजार करोड़ रुपये एरियर और 12 प्रतिशत रायल्टी देने का मामला उठाया है।

# बाढ़ के दौरान आईटीओ बैराज गेट के संचालन में हुई लापरवाही, सरकार को डिवीजन बेंच के पास जाने के आदेश

**चंडीगढ़, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**

दिल्ली में बाढ़ के दौरान आइटीओ बैराज के गेटों के संचालन में लापरवाही के लिए हरियाणा सरकार द्वारा निलंबित सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संदीप तनेजा को बहाल करने के हाई कोर्ट की एकल बेंच के आदेश को डिवीजन बेंच में चुनौती दी गई है। हरियाणा सरकार को इस मामले में कोर्ट से कोई राहत नहीं मिल पाई। चीफ जस्टिस पर आधारित डिवीजन बेंच ने सरकार की एकल बेंच के आदेश पर रोक लगाने की मांग को अस्वीकार करते हुए सरकार को कहा कि वह एकल बेंच के पास जाकर आग्रह करे। कोर्ट ने एकल बेंच को भी कहा कि वह सरकार की मांग पर जल्द निर्णय करे।इसी के साथ कोर्ट ने सरकार की अपील का निपटारा कर दिया। एकल बेंच के निर्णय के खिलाफ सरकार ने अपनी अपील में कहा है कि एकल बेंच ने सभी तथ्यों को नहीं देखा इसलिए डिवीजन बेंच एकल बेंच के आदेश पर रोक लगाए। पिछले महीने हाई कोर्ट के जस्टिस त्रिभुवन दहिया ने सरकार के मुख्य अभियंता को निलंबित करने के आदेश पर रोक लगा दी थी। तनेजा ने हाई कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया था कि सरकार का उसे निलंबित करने का फैसला बदले की भावना से प्रेरित है।याचिका में यह भी कहा गया था कि अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने और उन्हें निलंबित करने के संबंध में उनके साथ भेदभाव किया गया है। बाकी अधिकारियों के संबंध में कोई निलंबन आदेश नहीं दिया गया है। याचिकाकर्ता ने यह भी दावा किया कि उसके खिलाफ कार्रवाई केवल उसे परेशान करने के लिए की गई है क्योंकि उसने राज्य द्वारा पारित तीन जुलाई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका दायर की थी। जिसके तहत उसे हिमाचल प्रदेश में बीबीएमबी सुंदरनगर में प्रतिनियुक्ति पर रखा गया था। उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने सात जुलाई को सरकार के आदेश पर रोक लगा दी थी। अब राज्य सरकार ने उसे पोस्टिंग की जगह से हटाने के लिए एक और अवैध तरीका अपनाया है और उसे निलंबित कर दिया है।याचिका में बताया गया कि सभी स्तर पर पता था कि बैराज के छह गेट में से चार गेट काम नहीं कर रहे हैं। उसने आइटीओ बैराज के गेटों के रखरखाव व मरम्मत के लिए जून माह में फंड जारी करने का आग्रह भी किया था लेकिन सभी तथ्यों को नजरअंदाज कर केवल उसे बलि का बकरा बनाकर उसके खिलाफ निलंबन आदेश जारी कर दिए गए।

## साइबर क्राइम मामले में पार्षद की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाएगी सपा, आज आएगा प्रतिनिधिमंडल

**मथुरा।** सपा पार्षद मुन्ना मलिक और उनके दो साथियों को फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने के मामले गिरफ्तार के करने को सपा अब मुद्दा बनाएगी। पूरे मामले की जांच के लिए प्रदेश नेतृत्व ने विधायक कमाल अख्तर की अगुवाई में 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल नियुक्त किया है, जो शनिवार को पहुंचेगा। पिछले दिनों सपा पार्षद और दो अन्य साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपितों के विरुद्ध गैंगेस्टर की कार्रवाई की जा रही है। सपा का आरोप है उन्हें पुलिस ने बेरहमी से पीटा और फिर फर्जी मुकदमे में जेल भेज दिया। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने विधायक कमाल अख्तर के नेतृत्व में जांच कमेटी का गठन किया है। कमेटी में ठाकुर किशोर सिंह, अनीश राजा,राम करन निर्मल,अजित सिंह,रितु गोयल, राजन रिजवी, रणवीर धनगर,तनवीर अहमद,अबरार हुसैन, जागेश्वर प्रधान और आजाद बेग को शामिल किया गया है। महानगर अध्यक्ष रितु गोयल ने बताया प्रतिनिधि मंडल पूरे मामले की शनिवार को जांच करने आ रहा है।

# देहरादून में आम जनता को मिलेगी बड़ी सौगात, परिवहन निगम में जल्द चलेंगी 130 नई बसे

**देहरादून, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**

प्रदेश के पर्वतीय मार्गों पर बेहतर परिवहन सुविधा देने के लिए परिवहन निगम अब नई बसों की खरीद करने जा रहा है। इस कड़ी में पर्वतीय मार्गों के लिए 130 साधारण बसों को खरीदने की कसरत शुरू हो गई है। इसके लिए परिवहन निगम की ओर से टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। प्रक्रिया यदि सही प्रकार से चली तो फिर इसी वर्ष अंत तक ये बसें सड़कों पर दौडने लगेंगी। राज्य परिवहन निगम के पास अभी लगभग 1200 बसों का बेड़ा है। इसमें से परिवहन निगम के पास अपनी 950 बसें



हैं और शेष बसें अनुबंध के आधार पर चलाई जा रही हैं। इस समय परिवहन निगम के पास पर्वतीय मार्गों पर बसों की संख्या कम होने लगी है। इसका कारण बसों का आयु पूरा करना है।

बसों की कमी के कारण कई पर्वतीय मार्गों पर बसों का संचालन प्रभावित हो रहा है। साथ ही कई क्षेत्रों में परिवहन निगम की बसों को संचालित करने की मांग भी उठ रही है।पर्वतीय मार्ग आर्थिक दृष्टि से लाभदायक नहीं होते हैं। ऐसे में निगम को इन मार्गों पर बसें चलाने में नुकसान उठाना पड़ता है। यद्यपि, प्रदेश सरकार हिल लास के रूप में परिवहन निगम को इसी प्रतिपूर्ति करती है।हाल ही में विधानसभा सत्र के दौरान विधायकों ने अपने विधानसभा क्षेत्र के पर्वतीय मार्गों पर नई बसों को संचालित करने का अनुरोध किया था।

इस कड़ी में परिवहन निगम अब नई बसों को खरीदने की तैयारी कर रहा है। इन बसों को खरीदने की टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एक बस की खरीद पर 30 से 35 लाख रुपये का खर्च आएगा। ऐसे में निगम पर इससे 40 करोड़ रुपये का व्यय आएगा। सरकार इसके लिए निगम को ऋण दिलाने पर सहमति प्रदान कर चुकी है। परिवहन निगम के महाप्रबंधक संचालन दीपक जैन का कहना है कि इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही निगम के बेड़े में ये बसें शामिल हो जाएंगी।

## दिल्ली में 75 स्थानों पर चलेगा डीडीए का स्वच्छता अभियान, एलजी विनय सक्सेना की रहेगी निगरानी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान की अपील पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) एक अक्टूबर को आम जनता और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूडी) राजधानी में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। डीडीए अधिकारियों ने कहा कि ग्रीन दिल्ली, क्लीन दिल्ली के लिए डीडीए नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाता है। डीडीए ने एक अक्टूबर को चलने वाले अभियान के लिए द्वारका, उत्तरी दिल्ली, नरेला, पूर्वी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और रोहिणी में 75 स्थानों की पहचान की है। साथ ही डीडीए के सभी खेल परिसरों और गोल्फ कोर्स, 11 पार्कों और हरित क्षेत्रों और मुखमेलपुर गांव में लैंड पूलिंग क्षेत्र में भी अभियान चलेगा। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व्यक्तिगत रूप से स्वच्छता अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

## स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी, हर प्रयास महत्वपूर्ण, पीएम मोदी ने की स्वच्छता अभियान में शामिल होने की अपील

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को लोगों से एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान में शामिल होने की अपील की है। साथ ही पीएम मोदी ने एक पोस्ट कर का है कि स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और हर प्रयास मायने रखता है। गौरतलब है कि यह अभियान गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर शुरू किया जाएगा। राष्ट्रपिता ने जीवन भर स्वच्छता पर जोर दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने इंटरनेट मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे हमें एक महत्वपूर्ण स्वच्छता पहल के लिए एक साथ आना है। एक स्वच्छ भविष्य की शुरुआत करने के लिए इस महान प्रयास में शामिल हों। वहीं, भाजयुमो ने एक अक्टूबर को पीएम मोदी से प्रेरित होकर देशव्यापी स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की घोषणा की।भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में देश भर के कार्यकर्ता एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे अपने-अपने मंडलों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाने के लिए जुटेंगे।ये प्रयास सरकारी अस्पतालों, सरकारी स्कूलों, बस स्टैंडों, तालाबों और झीलों जैसे 10,000 से अधिक स्थानों तक किए जाएंगे।

## सीएम पटनायक से पचीस जिले बनाने की मांग, आपदा प्रबंधन मंत्री सुदाम मरांडी ने विधानसभा में दी जानकारी

**भुवनेश्वर, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**



बरगढ़ के पदमपुर को जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा घोषणा किए जाने के बाद प्रदेश में नया जिला बनाने की मांग तेज होती जा रही है। राज्य में अभी तक और 25 नए जिले बनाने के लिए सरकार के पास मांग पत्र आया है।यह जानकारी राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुदाम मरांडी ने विधानसभा में दी है। राजस्व मंत्री के अनुसार, सबसे अधिक चार नए जिलों की मांग गंजाम जिले से आई है। मयूरभंज से तीन, सुंदरगढ़, बालेश्वर और कटक से दो-दो जिलों के गठन की मांग की जा रही है। सरकार को गंजाम जिले से घुमुसर, ऋषिकुल्या, बरहमपुर और भंजनगर जिलों के गठन के लिए मांग पत्र मिला है। इसी तरह, पश्चिम मयूरभंज, रायरंगपुर और खिचिंग को जिला गठन के लिए मयूरभंज जिले से मांग पत्र प्राप्त हुआ है।

इसके अलावा बणई, राउरकेला, चंडीखोल, आठगढ़, पद्मपुर, धर्मगढ़, टिटिलागढ़, कांटाबांजी, तालचेर, पाललहड़ा, आठमलिक, भुवनेश्वर, कुचिंडा, बालीगुडा, आनंदपुर, नीलगिरी, सोरो और गुणापुर को जिला बनाने के लिए मांगपत्र प्राप्त हुआ है। राजस्व मंत्री सुदाम मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार उचित समय पर उचित कदम उठाएगी क्योंकि कुल 14 जिलों में से 25 नए जिले बनाने की मांग की जा रही है।

# पहले लूटे 35 लाख, फिर गोवा में की विदेशी लड़कियों के साथ रंगरलियां, और फिर हुआ...



**रांची, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**

रांची पुलिस ने मेन रोड में 11 सितंबर को हुई 35 लाख रुपये लूट के मामले में श्याम सुंदर जालान, धीरज जालान, हर्ष गुप्ता, सचित साहु, अरुण कुमार और सुनिल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से लूट का 22 लाख रुपये बरामद कर लिया है। इसके अलावा उनके पास से चोरी की 16 बाइक और एक कार बरामद की गई है। पुलिस का कहना है कि पंडरा बाजार समिति के कारोबारी ने अपने कर्मचारी को रुपये से भरा बैग मेन रोड स्थित एसबीआइ में जमा करने के लिए भेजा था।मेन रोड में पहले से रेकी कर रहे अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दे दिया। कर्मचारी के बयान पर पहले 35 हजार रुपये लूटने का मामला दर्ज हुआ था। कर्मचारी को पता नहीं था कि बैग में 35 लाख रुपये हैं। लेकिन कारोबारी से पूछताछ करने और मामले की जांच करने के बाद पता चला कि कारोबारी का 35 लाख रुपये लूटने का मामला है।लूट की घटना को अंजाम देने के बाद गिरोह के लोग पहुंच गए गोवा पुलिस का कहना है कि गिरोह का सरगना धीरज जालान ने पूछताछ में बताया कि लूट की घटना को अंजाम देने के बाद 20 लाख रुपये श्याम सुंदर को देने के बाद अन्य सदस्य गोवा भाग गए थे। गोवा में विदेशी लड़कियों के साथ मस्ती करने के बाद सभी आरोपित केरल पहुंच गए।वहां से कन्याकुमारी होते हुए बेंगलुरु पहुंचे और वहां घूमने के बाद रांची आ गए। इतनी बड़ी लूट की घटना होने के बाद गिरोह के सदस्यों को लगा कि किसी को इसकी जानकारी नहीं हुई है। पुलिस भी सुस्त पड़ी हुई है। इस वजह से आरोपित दूसरी घटना को अंजाम देने की योजना बनाने लगे। लेकिन पुलिस आरोपितों के पीछे लगी हुई थी। पुलिस को सूचना मिली कि धीरज जालान सुखदेव नगर इलाके में घूम रहा है।पुलिस ने धीरज को पकड़ा इसके बाद उसके पिता श्याम को पकड़ा। श्याम की गिरफ्तारी के बाद बीस लाख रुपये बरामद हो गया। इसके बाद अन्य आरोपित पकड़े गए। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह में तीन सदस्य और हैं। फरार आरोपितों के पास तीन लाख रुपये हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर ही है।वाकी-टाकी का इस्तेमाल कर लूट की घटना को दिया अंजाम गिरफ्त में आए आरोपितों ने पुलिस को बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कारोबारी हर दिन मोटी रकम बैंक में भेजता है। आरोपितों ने दो दिन तक रेकी की, इसके बाद 35 लाख रुपये लूट लिए।आरोपितों को पता था कि पुलिस मोबाइल लोकेशन से आरोपितों तक पहुंच जाएगी। इस वजह से इस बार आरोपितों ने मोबाइल की जगह वाकी टाकी का इस्तेमाल किया। घटना के बाद पुलिस ने कई जगहों का सीसीटीवी फुटेज देखी तो आरोपितों के बारे में पुलिस को सुराग मिल गया।सिर्फ नई बाइक को चोरी करते हैं इस गिरोह के सदस्य पुलिस का कहना है कि इस गिरोह के सदस्य सिर्फ नई बाइक को चोरी करते हैं। रांची से चोरी की हुई बाइक को हजारीबाग, गुमला, खूंटी और अन्य जिलों में बेचते हैं। वहीं दूसरे जिला से बाइक चोरी करने के बाद उसे रांची में खपाया जाता है।

# सांसद थानेदार ने हिंदू, सिख और जैन अमेरिकियों के लिए कांग्रेशनल कॉकस का किया गठन, मिला सांसदों का समर्थन




**वाशिंगटन, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारतीय अमेरिकी कांग्रेसी श्री थानेदार ने हिंदुओं, बौद्धों, सिखों और जैनियों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से एक नए कांग्रेसी कॉकस के गठन की घोषणा की है।

थानेदार ने गुरुवार को कहा कि शुक्रवार को औपचारिक रूप से लॉन्च होने वाले हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन (एचबीएसजे) अमेरिकी कांग्रेसनल कॉकस को दो दर्जन सांसदों का समर्थन मिल रहा है। कॉकस संवाद को बढ़ावा देने, समझ को बढ़ावा देने और इन समुदायों की विशिष्ट आवश्यकताओं और चिंताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।इसका उद्देश्य धार्मिक भेदभाव का मुकाबला करना और हिंदुओं, बौद्धों, सिखों और जैनियों के लिए धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है।

यह नीतिगत चर्चाओं में हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन दृष्टिकोण का सटीक प्रतिनिधित्व और समावेश भी सुनिश्चित करेगा।कॉकस सांस्कृतिक गलतफहमियों को संबोधित करेगा, अंतरधार्मिक संवाद और सद्भाव को बढ़ावा देगा और हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन अमेरिकियों की भलाई, शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की पहल का समर्थन करेगा। एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया, थानेदार का मानना है कि एक समावेशी अमेरिका एक मजबूत अमेरिका है। कांग्रेस का कॉकस संयुक्त राज्य कांग्रेस के सदस्यों का एक समूह है जो सामान्य विधायी उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए मिलते हैं।

# रजौरी-पुंछ में सीएपीएफ की दो नई बटालियन तैनात, मजबूत होगा सुरक्षा कवच

**राजौरी, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**

राजौरी व पुंछ दोनों जिलों में केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के माध्यम से प्रदान किए गए सुरक्षा कवच को मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार ने क्षेत्र में सीआरपीएफ की दो नई बटालियनों को तैनात किया है। इससे पहले सीआरपीएफ की एक बटालियन राजौरी और पुंछ दोनों जिलों में तैनात थी।अब दोनों जिलों में सीआरपीएफ की बटालियनों की संख्या तीन हो गई है। सूत्रों के अनुसार राजौरी में दो बटालियन को तैनात किया गया है। इनमें से एक का मुख्यालय सुंदरबनी और एक का राजौरी में होगा, जबकि पुंछ में एक बटालियन तैनात होगी, जिसका मुख्यालय पुंछ में होगा। पिछले तीन वर्षों में दोनों जिलों में कई आतंकी घटनाएं और मुठभेड़ें हुई हैं। वरिष्ठ सेना और पुलिस अधिकारी पहले ही स्थिति पर बयान जारी कर इसे राजौरी और पुंछ जिलों में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए आतंकी संगठनों का प्रयास करार दे चुके हैं।दोनों जिलों में वर्ष 2010 के बाद से अपेक्षाकृत शांत स्थिति देखी जा रही थी।

जारी वर्ष में पहली जनवरी को राजौरी जिले के ढांगरी में हिंदू आबादी पर आतंकियों का हमला बहुत लंबे समय के बाद हुआ था। इस हमले में आतंकियों ने ढांगरी गांव के कई घरों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाई थी।इस हमले में पांच लोगों की मौत हो गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे, जबकि अगले दिन सुबह एक आइईडी विस्फोट में दो बच्चों की जान चली गई थी और दस घायल हो गए थे। इस घटना से लोगों में व्यापक आक्रोश फैल गया था और सरकार को जनता के गुस्से का सामना करना पड़ा था। घटना के तुरंत बाद राजौरी और पुंछ जिलों में सीआरपीएफ की 18 अतिरिक्त कंपनियां भेजी गई थीं।इनमें से कंपनियां राजौरी जिले के कुछ हिस्सों में, जबकि आठ पुंछ में तैनात की गई थीं । अब इन कंपनियों को चरणबद्ध तरीके से वापस बुलाया जा रहा है और बेहतर सुरक्षा के लिए दो बटालियन को तैनात किया जा रहा है।

# आज आधी रात के बाद से पटना में नहीं चलेंगी डीजल की बसें, सरकारी आदेश जारी




**पटना, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**

शनिवार की आधी रात के बाद से पटना शहरी क्षेत्र में डीजल से चलने वाली सिटी बसों पर रोक लगनी है। परिवहन विभाग की अधिसूचना के अनुसार, 30 सितंबर की आधी रात के बाद पटना नगर निगम के साथ दानापुर, खगौल और फुलवारीशरीफ में डीजल चालित सिटी बसें नहीं चलाई जाएंगी।

विभागीय निर्देश को देखते हुए जिला परिवहन कार्यालय ने भी डीजल बसों के परिचालन पर रोक की तैयारी शुरू कर दी है। पटना के डीटीओ श्रीप्रकाश ने बताया कि विभाग की ओर से समय-सीमा बढ़ाए जाने से जुड़ा कोई नया आदेश जारी नहीं हुआ है।ऐसे में एक अक्टूबर से नए नियमों का अनुपालन कराया जाएगा। पटना और आसपास के शहरी इलाकों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए परिवहन विभाग ने मार्च में ही इसकी अधिसूचना जारी की थी। इसमें कहा गया है कि डीजल से चलने वाली सिटी बसों से तुलनात्मक रूप से अधिक प्रदूषित गैस का उत्सर्जन होता है, जो नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इस कारण सार्वजनिक सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिकोण से ऐसे वाहनों का परिचालन चरणबद्ध ढंग से प्रतिबंधित किया जाएगा। डीजल चालित बसों पर रोक का आदेश 30 सितंबर की मध्य रात्रि से लागू हो जाएगा। अगले दो दिन अवकाश है, ऐसे में विभाग के स्तर से समय-सीमा बढ़ाए जाने की संभावना कम है। विभाग ने डीजल सिटी बसों की जगह सीएनजी बसों को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। सिटी बस प्रोत्साहन योजना के तहत सिर्फ पटना जिले में 121 लाभुकों का चयन कर सीएनजी बसों के लिए 30 प्रतिशत एवं अधिकतम साढ़े सात लाख रुपये तक अनुदान भी दिया जाना था। इसके लिए आवेदन भी मांगे गए थे। मगर लक्ष्य के अनुरूप नई सीएनजी बसों का परिचालन शुरू नहीं हो सका। डीजल चालित आटो पर पहले से है रोक प्रदूषण को देखते हुए परिवहन विभाग ने पहले ही पटना शहरी क्षेत्र में डीजल चालित आटो पर रोक लगा रखी है। पटना, फुलवारीशरीफ, दानापुर और खगौल में डीजल से चलने वाले आटो पर पूर्णतः प्रतिबंध है। इसकी जगह सीएनजी और बैट्री चालित आटो को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# बिना नींव के खड़ी है ये पांच मंजिला इमारत



भारतीय राज्य राजस्थान पनी रंग-बिरंगी संस्कृति और इतिहास के लिए फेमस है। यहां के कई किले और महल आकर्षण का केंद्र है। यहां पर घूमने आने वाले पर्यटक इन महलों की खूबसूरती को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित हवा महल सबसे अलग और खास है। आपको बता दें कि गुलाबी और बलुआ रंग के पत्थरों से बने इस महल की अलग ही शान है। इसी महल के कारण जयपुर को पिंक सिटी कहा जाता है। हवा महल का निर्माण राजस्थानी और मुगल शैली में किया गया है। हालांकि हवा महल से जुड़ी सभी बातों को लोग जानते हैं। लेकिन आज हम आपको हवा महल के कई ऐसे फैक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको शायद ही पता हों।

जयपुर का हवा महल सिटी पैलेस का हिस्सा था। इसलिए इसका कोई बाहर से एंट्रेंस गेट नहीं बनाया गया था। सिटी पैलेस की ओर से एक शाही दरवाजा हवा महल के प्रवेश द्वार की ओर जाता है। वहीं से आपको एंट्री लेनी होती है। साथ ही यह भी कहा जाता है कि यह महल बगैर नींव के बना है। जिसके कारण यह वजन से घुमावदार और 87 डिग्री के कोण पर झुका हुआ है।

**पैलेस ऑफ विंड्स**

हवा महल को पैलेस ऑफ विंड्स के नाम से भी जाना जाता है। इस महल में बनीं 953 खिड़कियां इसे दूसरे महलों से अलग बनाती हैं। इन खिड़कियों को इसलिए बनाया गया था। ताकि हवा महल के अंदर आ सके और यहां गर्मी का एहसास भी न हो।

**महिलाओं के लिए बनाया गया**

आपको बता दें कि हवा महल को खासतौर पर राजपूत सदस्यों और खासकर महिलाओं के लिए बनवाया गया था। उस दौरान महिलाए खुलेआम किसी भी आयोजन में नहीं शामिल होती थीं। इसलिए इस महल की खिड़कियों पर खड़े होकर वह नीचे आयोजित हो रहे कार्यक्रम को देखती थीं।

**महल में नहीं बनीं हैं सीढ़ियां**-भले ही यह महल पांच बना है, लेकिन इस महल में आपको सीढ़ियां नहीं मिलेंगी। हर मंजिल पर आपको रैंप करके जाना होगा। बता दें कि हवा महल को रहने के उद्देश्य से नहीं बनाया गया था। कुछ विशेष मौकों पर राजसी महिलाएं अपनी दासियों के साथ सिटी पैलेस से यहां आया करती थीं।

**महल में 3 मंदिर**-अधिकतर लोग शायद इस बात से अंजान होंगे कि इस भव्य महल के अंदर तीन मंदिर बने हुए हैं। जिन्हें गोवर्धन मंदिर, प्रकाश मंदिर और हवा मंदिर के नाम से जाना जाता है। हालांकि पहले लोग गोवर्धन कृष्ण मंदिर में भगवान कृष्ण के दर्शन करते थे। लेकिन उब उन्हें बंद कर दिया गया है।

**मंदिर के नाम पर रखा महल का नाम**

आपको जानकार हैरानी होगी कि हवा मंदिर नाम के एक मंदिर के नाम पर इस महल का नाम रखा गया था। आज भी यह मंदिर हवा महल के अंदर है। इसलिए इस महल का नाम हवा महल रखा गया। बता दें कि हवा महल खूबसूरत वास्तुकला का नमूना है।

## क्या है हैप्पी हार्मोंस बढ़ाने के आसान तरीके, अगर फॉलो कर लिया तो खुश-खुश रहेंगे



आप बहुत खुश हैं या बहुत दुखी हैं. आप निराश हैं या हर काम के लिए मोटिवेटेड हैं. ये सब तय होता है आपके शरीर में बनने वाले कुछ हार्मोन से. चूंकी ये हार्मोन आपकी खुशी को मेंटेन रखते हैं इसलिए इन्हें हैप्पी हार्मोन भी कहा जाता है. आप खुश होंगे और अच्छा महसूस करेंगे तो ये हार्मोन उस इमोशन को मेंटेन रखेंगे. आपकी निराशा उनका लेवल डाउन करती जाएगी. खुश महसूस करने और बने रहने के लिए ऐसे हार्मोन का लेवल बनाए रखना जरूरी है. मेडिटेशन सीक्रेट नाम के एक इंस्टाग्राम हैंडल ने ऐसे आसान तरीके शेयर किए हैं जिनकी मदद से आप हर तरह के हैप्पी हार्मोन का लेवल बेहतर रख सकते हैं.

**ऑक्सिटोसिन**-ये एक किस्म का बॉन्डिंग हार्मोन है. ये तब रिलीज होता है जब किसी से कनेक्टेड फील करते हैं. इस हार्मोन का लेवल बढ़ाने के लिए

**अपने पेट एनिमल को लाढ़ कर सकते हैं.**

अपने किसी खास को या अजीज को एक जादू की झप्पी दे सकते हैं.अपने परिवार या दोस्तों के लिए कुकिंग करके भी कनेक्टेड फील कर सकते हैं.किसी अपने के साथ हाथ में हाथ डालकर घूम सकते हैं.

**एंडोर्फिन**-इस हार्मोन को कम मत समझिए ये दिमाग के लिए नेचुरल पेन किलर का काम करता है. साथ ही स्ट्रेस ज्यादा होने पर या खुशी ज्यादा होने पर उन्हें कंट्रोल भी करता है. इस हार्मोन का लेवल बढ़ाने के लिए

**एक्सरसाइज करना चाहिए**-इसेंशियल ऑयल्स के इस्तेमाल से भी इसमें फायदा होता है. डार्क चॉकलेट खाने से भी इस हार्मोन का लेवल बढ़ता है. मौका मिल सके तो कॉमेडी फिल्म या कॉमेडी शो भी देख सकते हैं.

**सिरेटॉनिन**-सिरेटॉनिन नाम के हार्मोन की वजह से मूड स्टेबल रहता है. इस हार्मोन के नॉर्मल होने से नींद भी अच्छी आती है. जिसकी वजह से एंजाइटी कम होती है और खुशी बढ़ती है. इस हार्मोन का लेवल बढ़ाने के लिए

**थोड़ा समय निकालकर धूप में घूमें.**

मेडिटेशन करने वालों में भी ये हार्मोन अच्छा होता है. कार्डियो वर्कआउट से भी सिरेटोनिन का लेवल बढ़ता है.

# सेहत के बारे में काफी कुछ बताती है नाक, जानिए कैसे



नाक सांस के लिए हवा प्रदान करने और सूंघने की क्षमता तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सेहत के बारे में भी बहुत कुछ बताती हैं। यह अपनी स्थितियों के जरिए हमारे स्वास्थ्य का हाल बता सकती है। आपकी नाक मधुमेह से लेकर कोरोना वायरस जैसी महमारी तक विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती चेतावनी संकेत दे सकती है। आइए आज हम आपको बताते हैं कि नाक किन-किन स्वास्थ्य जोखिमों की ओर इशारा करती है।

**बहती नाक**

लगातार बहती नाक का मतलब यह हो सकता है कि आपको सर्दी या फ्लू हुआ है। फ्लू होने पर आपको छींकें, नाक बंद होना और गले में खराश जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इनसे राहत पाने के लिए हर्बल चाय, शहद और अदरक का मिश्रण, हल्दी और तुलसी का पानी पीने जैसे घरेलू नुस्खों को अपनाना लाभदायक हो सकता है। फ्लू के अलावा कोविड-19 होने पर भी बहती नाक का सामना करना पड़ सकता है।

**नाक से खून निकलना**

नाक से खून आना विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों का संकेत दे सकता है। ऐसा साइनस होने पर भी हो सकता है। यह खोपड़ी में भरी हुई हवा होती है और यह माथे, नाक की हड्डी, गाल समेत आंखों के पीछे होती है। जब साइनस में सूजन या म्यूकस यानी बलगम जम जाती है तो इसमें कीटाणु पनपने लगते हैं, जो स्थिति को बिगाड़ सकता है। इसके अलावा एलर्जी, हीमोफीलिया जैसी समस्याओं के कारण भी नाक से खून आ सकता है।

**सूंघने की क्षमता कम होना**

सूंघने की क्षमता कमजोर होना विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकता है। नेजल पॉलीप्स होने पर नाक की सूंघने की क्षमता कमजोर हो सकती है। कोविड-19, सर्दी या साइनस के कारण भी सूंघना मुश्किल हो सकता है। मधुमेह से ग्रस्त व्यक्ति में हाई ब्लड शुगर होने पर भी सूंघने की क्षमता को नुकसान हो सकता है। इसके अतिरिक्त यह मल्टीपल स्केलेरोसिस या मोटर न्यूरॉन रोग जैसी न्यूरोलॉजिकल स्थितियों का प्रारंभिक संकेत भी हो सकता है।

**असामान्य गंध महसूस करना**

असामान्य गंध को फैंटोस्मिया भी कहा जाता है। यह एक गंध से संबंधित विकार है। इससे ग्रस्त व्यक्ति को अजीबोगरीब गंध महसूस होने लगता है। यह अमूमन दौरे, सिर में चोट, मस्तिष्क ट्यूमर या पार्किंसंस रोग जैसी स्थितियों के कारण हो सकता है। इसके अलावा साइनस होने पर भी आपको फैंटोस्मिया हो सकता है, जिससे चीजों की महक और स्वाद में बदलाव महसूस हो सकता है।

**लाल नाक**

लाल नाक रोसैसिया नामक स्वास्थ्य स्थिति का संकेत दे सकती है। इस स्थिति के कारण चेहरे का मध्य भाग लाल हो जाता है और समय के साथ, विशेष रूप से पुरुषों में नाक की त्वचा मोटी और लाल हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप राइनोफिमा नामक स्थिति होती है। गंभीर मामलों में यह नाक के आकार को भी प्रभावित कर सकता है और इससे सांस लेना मुश्किल हो सकता है।

# एलोपेसिया के कारण बड़ी मात्रा में बाल गिरने की समस्या से होता है सामना, कैसे करें नियंत्रण

बालों का झड़ना एक बहुत ही कॉमन सी समस्या है. ये आपके हमारे या दुनिया के हर व्यक्ति के साथ होता है. लेकिन जरूरत से ज्यादा बाल झड़ना चिंता का विषय है. कुछ लोग तो ऐसे भी हैं जिनके बाल गुच्छों में झड़ते हैं. कंघी करने पर बाल का एक मोटा हिस्सा हाथ में आ जाता है. और ऐसे करके सिर से बाल गायब हो जाते हैं. गंजेपन जैसे पैच बन जाते हैं. दरअसल ये एक बीमारी है इस बीमारी को मेडिकल भाषा में एलोपेसिया अरेटा कहते हैं. आइए जानते हैं इस बीमारी के बारे में विस्तार से.

क्या है एलोपेसिया एरीटा?

एलोपेसिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें आपके बाल पैच में झड़ते हैं. ये कंडीशन तब होता है जब आपकी प्रतीक्षा प्रणाली बालों के रोम पर अटैक करती है. ये किसी के साथ भी हो सकता है.किसी भी लिंग उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है. इस समस्या में सिर्फ सिर के बाल ही नहीं बल्कि आइब्रो,पलकें और दाढ़ी के बाल भी प्रभावित हो सकते हैं.पुरुषों में अक्सर बाल किनारे और सामने की ओर से गिरते हैं. महिलाओं के बाल सिर के बीच वाले भाग से झड़ने लगते हैं. महिलाएं तो पूरी तरह से गंजी नहीं होती हैं. लेकिन पुरुष पूरी तरह से गंजे हो जाते हैं.

इस वजह से झड़ने लगते हैं बाल

ये एक ऑटोइम्यून प्रक्रिया है. इसमें प्रतिरक्षा प्रणाली वायरस और बैक्टीरिया से निपटनते वक्त गलती से आपके बालों के रोम पर हमला कर देते हैं. इससे बालों का विकास नहीं हो पाता है और बाल बनना बंद हो जाते हैं



और इससे बाल झड़ने लगते हैं. डॉक्टर्स के मुताबिक यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलती है. लेकिन ये जेनेटिक्स हो सकती है. अगर आपके परिवार में जैसे आपके पिता, भाई, बहन को ये समस्या है तो आगे इसके होने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ सकती है.

एलोपेसिया के लक्षण

1.एलोपेसिया में बाल झड़ने पर सिर पर गोल-गोल पैच दिखाई देने लगते हैं.

2.जब व्यक्ति सोकर सुबह उठता है तो उसके तकिए पर झड़े हुए बाल देखते हैं.

3.कई बार शरीर के बाल आइब्रो और दाढ़ी के बाल झड़ने लगते हैं.

क्या है इसका इलाज

एलोपेसिया का वैसे तो कोई इलाज नहीं है लेकिन स्टेरॉइड इंजेक्शन से इसे रोका जा सकता है. इस प्रोसेस को 1 से 2 महीने में दोहराया जाता है. इस समस्या से पीड़ित लोगों का लेजर और लाइट थेरेपी से भी इलाज किया जाता है. वहीं कुछ नेचुरल ट्रीटमेंट जैसे प्याज का रस लगाना, नारियल का दूध लगाना, लैवेंडर के तेल से मालिश करना भी शामिल है.

## मच्छरों से निजात पाने के लिए इन पौधों को घर में लगाएं

सुबह हो या शाम मच्छरों की वजह से उठना-बैठना मुश्किल हो जाता है। बता दें कि मच्छर के काटने से न सिर्फ गंभीर बीमारियों का खतरा होता है। बल्कि इनके काटने से एलर्जी भी हो सकती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मच्छरों से निजात पाने के कुछ आसान उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि अगर आप भी मच्छरों से निजात पाना चाहती हैं तो आप अपने गार्डन में इन पौधों को लगा सकती हैं। लहसुन का पौधा, यूकेलिप्टस, सिट्रोनेला अपने घर में जरूर लगाएं।

# अधिक स्किन टाइम से बालों पर पड़ सकता है बुरा प्रभाव, जानिए बचने के तरीके

लैपटॉप, कंप्यूटर और मोबाइल जैसे डिजीटल गैजेट्स से निकलने वाली नीली रोशनी के अधिक संपर्क में रहने से न सिर्फ आंखों और त्वचा पर बल्कि बालों पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

एक अध्ययन के अनुसार, मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से विद्युत चुम्बकीय विकिरण बालों के विकास चक्र को बुरी तरह से प्रभावित करता है। इससे बाल झड़ने लगते हैं। आइए आज हम आपको इस स्थिति से बचने के तरीके बताते हैं।

**सीमित करें मॉर्डन गैजेट्स का उपयोग**

डिजिटल उपकरणों के उपयोग को सीमित करना बालों के स्वास्थ्य को बेहतर रखने वाले उपायों में से एक है। सोने से पहले फोन का उपयोग करने की बजाय किताब पढ़ने की आदत डालें। इसके अलावा सोने से कम से कम दो-तीन घंटे पहले मोबाइल का इस्तेमाल करना बंद कर दें। हालांकि, अगर उपयोग करना बहुत जरूरी है तो अपने लैपटॉप, मोबाइल, टीवी और अन्य उपकरणों को नाइट मोड सेटिंग पर ले जाकर कार्य करें।

**पर्याप्त नींद लेना भी है जरूरी**

अच्छी गुणवत्ता वाली नींद शरीर की कोशिकाओं को पुनर्जीवित करने में मदद करती है। मोबाइल को दूर करके हर रात एक ही समय पर सोने का नियम बनाएं और अच्छी नींद के लिए आरामदायक माहौल तैयार करें। इसके लिए शोरगुल और रोशनी से मुक्त जगह का चयन करें। इसी तरह अपने बिस्तर का गद्दा और तकिए मुलायम चुनें। अगर आपका गद्दा और तकिया चुभने वाला होगा तो वह आपको पूरी रात परेशान करेगा और आपको अच्छी नींद नहीं आएगी।

**संतुलित आहार का है विशेष महत्व**

बालों को स्क्रिन टाइम से पड़ने वाले प्रभाव से बचाने के लिए संतुलित आहार और प्रोटीन भी जरूरी है। बालों की मजबूती के लिए खाने में प्रोटीन का सेवन बढ़ाना फायदेमंद रहेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, महिलाओं के लिए न्यूनतम प्रोटीन की आवश्यकता प्रतिदिन 46 ग्राम है, जबकि पुरुषों के लिए प्रतिदिन 56 ग्राम है। सोया उत्पाद, दुग्ध उत्पाद, पीनट बटर, चिया



बीज, हरी मटर और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत हैं।

**तनाव को करें कम**

डिजीटल उपकरणों का अधिक उपयोग तनाव का कारण बनता है और अत्यधिक भावनात्मक या शारीरिक तनाव से बालों का झड़ना बढ़ सकता है। ऐसे में इसे नियंत्रित करना जरूरी है। इसके लिए नियमित रूप से मेडीटेशन करें। वहीं अक्सर लोग तनाव या स्ट्रेस की वजह से अकेला रहना पसंद करते हैं, लेकिन इससे आपकी समस्या और भी बढ़ सकती है। इसलिए ऐसा न करें और लोगों से बातचीत करें।

**बालों के सीरम का करें इस्तेमाल**

अगर डिजीटल उपकरणों के नकारात्मक प्रभाव के कारण होने वाली बालों की समस्या से राहत चाहते हैं तो अपने हेयरकेयर रूटीन में सीरम को शामिल करें। सीरम बालों का विकास करने के साथ-साथ रूखे और बेजान बालों को ठीक करने में बड़ी मदद कर सकता है। यही नहीं, बालों का सीरम लगने के बाद एक लाइट रिफलेक्टर की तरह काम करता है, जिसके कारण बाल काफी चमकदार दिखते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -198

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीड़ा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 197 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर
लक्ष्मण खूंटे
कार्यवाहक थाना प्रभारी, बालकोनगर


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर
अश्वनी राठौर
टीआई
थाना दीपका, कोरबा


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर
रूपक शर्मा
टीआई
सिटी कोतवाली, कोरबा


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर
राजेश चंद्रवंशी
टीआई
थाना मालखरौदा, जिला-सक्ती


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर
ठा. विजय सिंह
उपाध्यक्ष
ठा. बच्चू सिंह
कोषाध्यक्ष
ठा. स्मित सिंह
आजीवन सदस्य राजपूत समाज
जिला राजपूत क्षत्रिय समाज, कोरबा
सौजन्य : ठा. विजय सिंह, सिविल कांट्रेक्टर, कोरबा


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
ठा. अवधेश सिंह
अध्यक्ष
ठा. यू.के.सिंह
वरिष्ठ सदस्य
ठा. मंटू सिंह
वरिष्ठ सदस्य
जिला राजपूत क्षत्रिय समाज, कोरबा
सौजन्य : ठा. मंटू सिंह, सिविल कांट्रेक्टर, कोरबा


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरुण छत्तीसगढ़ के 35वें स्थापना दिवस पर
मो. शाकिर अंसारी
सदर
तेगी कमेटी, कोरबा










# बालको के इंजीनियर सस्टेनबिलिटी एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद को दे रहे हैं बढ़ावा



**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में इंजीनियरों की विविध और कुशल टीम है जो अपनी कार्यकुशलता से कंपनी के प्रचालन को उत्कृष्ट बनाने में योगदान दे रही है। इंजीनियर अपने तकनीकी समझ और विशेषज्ञता से संयंत्र के विभिन्न पहलुओं मंय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और पर्यावरणीय जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हैं।

बालको अपने एल्यूमिनियम स्मेल्टर में अत्याधुनिक तकनीक को अपनाता हैं। कंपनी में प्रचालन की उत्कृष्टता को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिभाशाली इंजीनियर लगातार काम कर रहे हैं। इन्हीं में से एक मेटलर्जिकल इंजीनियर राम प्रताप यादव ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि स्मेलटिंग प्रोसेस (धातु के गलने की प्रक्रिया) के दौरान एल्यूमिना को चमकदार एल्यूमीनियम धातु में परिवर्तित होते देखना काफी आकर्षक है! तकनीकी प्रभारी के रूप में मेरी ज़िम्मेदारी पॉटरूम के भीतर स्मेलटिंग प्रोसेस के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने में निहित है। मेटलर्जी की विशेषज्ञता मुझे मानक मिश्रण का उपयोग करने में मदद करती है जो हमारे उत्पाद को उत्कृष्ट बनाती है।

उत्पाद की गुणवत्ता के प्रति बालको की अटूट प्रतिबद्धता इसके कार्यकुशलता को दर्शाती है। बालको में मटेरियल्स इंजीनियर प्रीति शिखा नंदा ने धातुविज्ञान, अनुसंधान एवं विकास और उत्पाद गुणवत्ता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि उत्पाद गुणवत्ता मूल्यांकन हमारे उत्पादों में उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के साथ ही कास्टहाउस के संचालन प्रक्रियाओं के मानक में समय पर सुधार भी करते हैं। सामग्री के लिए मेरा जुनून लगातार इस भूमिका में मेरे उत्साह को बढ़ावा देता है, जहां हम सूक्ष्म परीक्षणों के माध्यम से एल्यूमीनियम इंगट्स और वायर रॉड जैसे उत्पादों की सावधानीपूर्वक जांच करते हैं।धातु सामग्री के उत्पादन में गैर-धातु सामग्री का महत्व पहली नज़र में आसानी से स्पष्ट नहीं होता है, लेकिन बालको उनके महत्व को पहचानता है और इन कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए बेहतरीन प्रतिभाओं को नियोजित किया है। बालको में काम करने वाले सिरेमिक इंजीनियर संकेत कुमार दानी ने कहा कि रिफ्रैक्टरी मटेरियल मुख्य रूप से गैर-धातु से बने होते हैं जो धातु उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हॉल-हेरॉल्ट इलेक्ट्रोलिसिस विधि के माध्यम से एल्यूमीनियम निर्माण प्रक्रिया में एनोड महत्वपूर्ण हैं क्योंकि एनोड बेकिंग भट्टियों में अत्यधिक तापमान का सामना करते हैं। हम सिरेमिक इंजीनियरों के रूप में उत्पादित एनोड की अस्वीकृति दर को कम करने और अंततः प्रचालन दक्षता को बढ़ाने के लिए इन रिफ्रैक्टरी मटेरियल के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बालको का पर्यावरण मिशन इसके अग्रणी प्रभावशाली और पर्यावरण-अनुकूल व्यावसायिक नवाचारों में मजबूती से निहित है, जो उद्योग में नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पॉटलाइन संचालन में काम करने वाले एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग कारिवेदा श्रीकांत कहते हैं कि हमारी टीम प्रचालन दक्षता के साथ पर्यावरण पारिस्थितिक तंत्र की मजबूती को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हम उत्सर्जन पर नज़र रखने के साथ-साथ निरंतर मूल्यांकन करते हैं। पर्यावरण प्रबंधन के लिए हमारी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के लिए हमारे पॉटरूम सामग्री और संसाधनों पर नजर रखते हैं।

बालको का प्रचालन औद्योगिक सुविधाओं से आगे बढ़कर खनन के क्षेत्र में भी प्रवेश कर रहा है। विशेष रूप से बालको चोटिया कोयला खदान में खनन कर रहा है जहां इंजीनियरों की एक समर्पित टीम कुशल कोयला खनन प्रबंधन सुनिश्चित कर रही है। चोटिया माइंस में माइनिंग इंजीनियर वुय्याला संतोष प्रथिक ने कहा कि मेरी भूमिका में कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संचालन की देखरेख और भूमि के तापमान की निगरानी करना शामिल है। हम सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमने अपने खनन संचालन में सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए डिजिटल समाधान लागू किए हैं।

बालको अपने पास मौजूद विविध और विशिष्ट प्रतिभाओं के माध्यम से प्रचालन उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिविल इंजीनियरिंग जैसे मुख्यधारा के इंजीनियरिंग से लेकर मेटलर्जिकल, मैटेरियल्स, माइनिंग, सिरेमिक, पॉवर और एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में लगभग 1500 इंजीनियर कपंनी में अपनी सेवा दे रहे हैं। ये व्यक्ति सामूहिक रूप से बालको की प्रचानल क्षमता, नवाचार को बढ़ावा देने और लगातार विकसित हो रहे औद्योगिक परिदृश्य में कंपनी की निरंतर सफलता सुनिश्चित करने का आधार बनते हैं।